page 1_Layout 1 03-10-2026 21:12 Page 1

अनमोल वचन

'जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » रविवार, 4 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :162 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने छुआ 10000 रनों का जादुई आंकड़ा

महान सचिन तेंदुलकर का 22 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में 92 रनों की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान रोहित ने सचिन तेंदुलकर के 22 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रोहित ने पारी में दो रन बनाते ही वनडे क्रिकेट में ओपनर के रूप में अपने 10000 रन पूरे कर लिए। 2008 में डेब्यू करने वाले रोहित ने 2011 में भारत के लिए पहली बार वनडे में ओपनिंग की थी। 2013 से इस फॉर्मेट में वह टीम के नियमित ओपनिंग बल्लेबाज हैं।

प्रियंका कक्कड़ के कांग्रेस ज्वाइन करने पर भाजपा का तंज

पंजाब में डूब रहा 'आप' का जहाज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली,। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को झटका लगा है। शनिवार को पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रियंका कक्कड़ को पार्टी में शामिल कराया गया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने सिद्धांतों से पूरी तरह भटक गई है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी और उनके मुखिया ने जो कहा था, वह तो बिल्कुल नहीं किया है। प्रियंका कक्कड़ के कांग्रेस में शामिल होने पर भाजपा ने तंज कसा। भाजपा नेता अजय सहरावत ने कहा कि आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है। पंजाब चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) का जहाज डूब रहा है, इसलिए उनके सारे खिलाड़ी धीरे-धीरे निकल रहे हैं। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आजकल राजनीति में पार्टी बदलना आम बात है, लेकिन एक सवाल उठता है कि आम आदमी पार्टी में किसी भी ऐसी महिला नेता के लिए जगह क्यों नहीं है जो लोकप्रिय हो जाती है। क्या कारण है कि किरण बेदी जो अन्ना आंदोलन में जुड़ीं और बाद में साथ छोड़कर चली गईं? प्रियंका कक्कड़ से पहले शाजिया इल्मी, स्वाति मालीवाल और ऋचा पांडेय ने भी पार्टी को छोड़ दिया। दिल्ली ही नहीं, देश की जनता भी जानना चाहती है कि आम आदमी पार्टी में महिलाओं के लिए जगह क्यों नहीं है। दूसरी ओर, आराधना मिश्रा 'मोना' को यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि हर पार्टी का एक सिस्टम होता है। जो भी पदाधिकारी बनता है, उसका एक तय कार्यकाल होता है। कार्यकाल खत्म होने के बाद दूसरे लोगों को भी मौका मिलता है। जो लोग वरिष्ठ हैं, उन्होंने जो काम किया है, उसके लिए मैं उनका आभारी हूं। पार्टी उनके अनुभव का भी इस्तेमाल करेगी और उन्हें पार्टी में पूरे सम्मान के साथ मौके मिलेंगे। पार्टी अलग-अलग जगहों पर सामाजिक समीकरणों के हिसाब से लोगों को मौके देती है। हम सब मिलकर एक टीम के तौर पर काम कर रहे हैं।

शिरोमणी अकाली दल ने सभी राजनीतिक पार्टियों से पंजाब के असली मुददों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का आग्रह किया

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल ने आज सभी राजनीतिक पार्टियों से पंजाब के वास्तविक मुददों पर चुनाव ले ने और झूठे और निराधार आरोपों से बचने का आग्रह किया और कहा कि अन्यथा आपको कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पार्टी के मुख्य प्रवक्ता स. अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि अमरदीप सिंह धरनी की अध्यक्षता वाली सब-कमेटी सोशल मीडिया पर मानहानि में शामिल होने के मकसद से लगाए गए सभी आधारहीन आरोपों की जांच करेगी। स. कलेर ने कहा,'' बारह मैंबरीय सब-कमेटी को सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे सभी झूठे आरोपों की जांच करने का काम सौंपा गया है। इन आरोपों का सीधा जवाब दिया जाएगा और झूठी अफवाहें और दुर्भावनापूर्ण सामग्री फैलाने में लिप्त इन सभी के खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले दर्ज किए जाएंगे।'' सरदार कलेर और स. धरनी ने कहा कि अकानी दल अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने साफ निर्देश दिए हैं।

एशियन गेम्स 2026 के फाइनल मुकाबले में

भारत ने पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल किया अपने नाम

- **पाकिस्तान के कप्तान से हाथ नहीं मिलाया**
- **अभिषेक और तिलक वर्मा ने लगाई फिफ्टी**
- **हसन की 96 रन की पारी नहीं आई काम**

डेली आवाज भारती



एशियन गेम्स 2026 के फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 19 रन से हराकर गोल्ड मेडल जीत लिया है। यह लगातार दूसरी बार है जब भारत ने मेंस क्रिकेट में गोल्ड पर अपना कब्जा जमाया है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 211 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 192 रन ही बना सकी। भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। इस दौरान कप्तान श्रेयस अय्यर ने पाकिस्तान के कप्तान साहिबजादा फरहान से हाथ नहीं मिलाया। भारत की सलामी जोड़ी वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत की। दोनों ने दो ओवर्स में ही 28 रन बना डाले। तीसरे ओवर की पहली गेंद पर वैभव सूर्यवंशी 9 गेंदों पर 15 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 2 छक्के लगाए। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने संजू सैमसन के साथ तेजी से रन बनाने शुरू किए। अभिषेक शर्मा ने 20 गेंदों पर फिफ्टी लगाई। हालांकि संजू सैमसन, कप्तान श्रेयस अय्यर और ईशान किशन कुछ ज्यादा कमाल नहीं कर पाए पर आखिरी ओवरों में तिलक वर्मा ने तेज तर्रार पारी खेलते हुए अर्धशतक लगाया और टीम के स्कोर को 211 तक पहुंचाया। 212 रन का पीछा करने आई पाकिस्तान टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान साहिबजादा फरहान 10 रन पर आउट हो गए। इसके बाद लगातार विकेट गिरते रहे, हालांकि हसन नवाज और सैम अयूब की फिफ्टी पार्टनरशिप ने टीम को संभाला पर सैम अयूब के आउट होने के बाद दबाव बढ़ता गया। हसन नवाज ने 51 गेंदों पर 96 रन की पारी खेली, पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

दुबई के क्राउन प्रिंस ने अस्पताल में कैप्टन स्मित मच्छार से की मुलाकात, साहस की सराहना की

डेली आवाज भारती



अबू धाबी। दुबई के क्राउन प्रिंस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उप प्रधानमंत्री हमदान बिन मोहम्मद ने शनिवार को फ्लाईदुबई की उड़ान एफजेड1073 के बहादुर भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार से अस्पताल में मुलाकात की और उनके साहस की सराहना की। हमदान बिन मोहम्मद ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, कैप्टन स्मित मच्छार से मुलाकात की... फ्लाईदुबई के इस पायलट ने साहस, जिम्मेदारी और मानव जीवन के प्रति चिंता की सर्वोच्च मिसाल पेश की।

हमारी ओर से और देश के नेतृत्व की ओर से उन्हें पूरा सम्मान और प्रशंसा। हमें गर्व है कि वह हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और यूएई की पहचान का हिस्सा हैं... एक ऐसे देश की, जो करुणा, शांति और जीवन को महत्व देता है। हमदान बिन मोहम्मद यूएई के रक्षा मंत्री और दुबई की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष भी हैं। इससे पहले यूएई स्थित भारतीय दूतावास ने बताया था कि कैप्टन मच्छार इलाज के प्रति अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। भारतीय मिशन ने कहा कि वह उनके परिवार और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है तथा उनके इलाज और जल्द स्वस्थ होने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जा रहा है। भारतीय मिशन ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय बहादुर कैप्टन स्मित मच्छार बेहतरीन चिकित्सा देखभाल में हैं और तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। हम उनके परिवार और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं और जल्द स्वस्थ होने के लिए सहयोग कर रहे हैं। उनकी देखभाल के लिए यूएई सरकार का धन्यवाद। हम भी उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभचिंतकों की प्रार्थनाओं में शामिल हैं। बुधवार को दुबई से इजरायल जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में हवा में हमले की घटना के दौरान कैप्टन मच्छार घायल हो गए थे। घटना के दौरान एक अन्य पायलट ने उन पर चाकू से हमला किया, जिसके बाद विमान तेजी से नीचे जाने लगा।

घायल होने के बावजूद भारतीय पायलट ने हमलावर का बहादुरी से सामना किया और कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इसके बाद यात्रियों ने कॉकपिट में पहुंचकर हमलावर को काबू कर लिया। हमलावर के काबू में आने के बाद गंभीर रूप से घायल कैप्टन मच्छार को प्राथमिक उपचार देकर स्थिर किया गया।

अमृतसर : मेकअप आर्टिस्ट और इन्फ्लुएंसर मैड संधू की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

इलाके में सनसनी

डेली आवाज भारती



सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

हत्याकांड के बाद घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में गोली लगने के बाद मैड संधू को सड़क पर घायल अवस्था में देखा जा सकता है। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मैड संधू सोशल मीडिया पर मेकअप और फैशन से जुड़े कंटेंट के लिए जाने जाते थे। उनकी मौत की खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके फॉलोअर्स और जानने वालों के बीच शोक की लहर है।

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में मेकअप आर्टिस्ट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैड संधू की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से जुड़ी जानकारी जुटाने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। वारदात के पीछे की वजह और गोली चलाने वाले व्यक्ति की पहचान को लेकर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल हत्या से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

यूपी के बाढ़ के पानी में डूबने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत, गांव में मचा कोहराम

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के सीतापुर में बाढ़ के पानी में डूबने से पिता-पुत्र समेत तीन की मौत हो गई है, जिससे पीड़ित परिवार सहित गांव में कोहराम मचा हुआ है। दरअसल, सीतापुर जनपद के महमूदाबाद तहसील क्षेत्र में बाढ़ के बीच एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। रामपुर मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरैया मसूदपुर में खेतों की स्थिति देखने गए पिता-पुत्र और उनके भतीजे की बाढ़ के पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस दर्दनाक हादसे का संज्ञान लेकर दुख जताया है। जानकारी के अनुसार, सरैया मसूदपुर गांव के कुछ लोग बाढ़ से प्रभावित अपने खेतों का जायजा लेने गए थे। इसी दौरान पानी के तेज बहाव और गहराई की चपेट में आने से सुरेंद्र चौहान, पुत्र प्रेम नारायण (40), सौरभ चौहान (13), पुत्र सुरेंद्र चौहान और शोभित (17), पुत्र जगदीश कुमार पानी में डूब गए।

मशहूर पंजाबी सिंगर और लेखक गिल रौंता 'वारिस पंजाब दे' पार्टी में शामिल, पंजाबियत से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता

- पार्टी के जरिए वह लोगों की समस्याओं को उठाएंगे : गिल रौंता

डेली आवाज भारती



मशहूर पंजाबी सिंगर और लेखक गिल रौंता ने राजनीति में कदम रख वारिस पंजाब दे पार्टी को जॉइन किया है। इस दौरान पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष तरसेम सिंह, विधायक मनप्रीत अयाली और सांसद सरबजीत सिंह मौजूद रहे। गिल रौंता ने कहा कि पार्टी के जरिए वह लोगों की समस्याओं को उठाएंगे। वह पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते रहे हैं। अब संगठन के माध्यम से लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं और आवाज को उठाने का प्रयास किया जाएगा। लोगों से सीधे संपर्क में रहना और उनके मुद्दों को समझना जरूरी है। संगठन के माध्यम से पंजाब से जुड़े विषयों पर अपनी बात रखने के साथ लोगों के साथ लगातार संपर्क बनाने का प्रयास किया जाएगा।

शख्सियतों का पार्टी से जुड़ना सकारात्मक : अयाली

वहीं मनप्रीत सिंह अयाली ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी शख्सियतों का संगठन के साथ जुड़ना सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य पंजाबियों की भावनाओं और लोगों की उम्मीदों की आवाज को मजबूती से उठाना है। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया।

आप ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मौड़ से विधायक सुखवीर सिंह मैसरखाना को प्राथमिक मेंबरशिप से किया निलंबित

- **स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, राम नगर के बारे में झूठे दावे आप सरकार को बदनाम करने के मकसद से किए गए थे: आप**

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने मौड़ विधायक सुखवीर सिंह मैसरखाना को पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के आरोप में तुरंत प्रभाव से प्रथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। पार्टी ने कहा कि मैसरखाना ने एक सरकारी स्कूल के कामकाज के बारे में झूठे बयान देकर पार्टी को बदनाम करने की कोशिश की थी। शनिवार देर शाम पार्टी द्वारा जारी एक पत्र में, आप पंजाब ने कहा कि उसे मैसरखाना के पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता में शामिल होने की जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए, पार्टी ने तुरंत प्रभाव से उनकी प्रथमिक सदस्यता निलंबित कर दी है। पार्टी ने बठिंडा के राम नगर में स्कूल ऑफ़ एमिनेंस के बारे में हेडमास्टर के बयान का भी ज़िक्र किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि पूरे स्कूल में सिर्फ़ एक अध्यापक है। आप पंजाब ने कहा, ÷यह दावा स्कूल प्रिंसिपल द्वारा 29 सितंबर, 2026 को जारी सरकारी रिकॉर्ड के बिल्कुल उलट है। रिकॉर्ड के अनुसार, स्कूल में 30 मंजूर टीचिंग पोस्ट हैं, जिनमें से अभी 25 भरी हुई हैं। स्कूल में तैनात स्टाफ में एक प्रिंसिपल, 7 लेक्चरर, मास्टर कैडर के 15 अध्यापक और दो कंप्यूटर साइंस अध्यापक शामिल हैं। स्कूल में अभी क्लास 6 से 12 तक के 19 सेक्शन में 580 स्टूडेंट पढ़ रहे हैं। पार्टी ने कहा कि अभी पांच मंजूर पोस्ट खाली हैं और स्कूल प्रिंसिपल ने इन खाली पोस्ट को भरने और ज़रूरत के हिसाब से और पोस्ट मंजूर करने के लिए पहले ही लिखकर रिक्वेस्ट भेजी हुई है।

नशे को जड़ से खत्म करने के लिए पंजाब पुलिस में 10 हजार नए पद भरे जाएंगे : सीएम मान

- **नशे के खिलाफ अंतिम और निर्णायक लड़ाई लड़ रहा पंजाब भगवंत सिंह मान**

डेली आवाज भारती







चंडीगढ़/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज नशे की बुराई को जड़ से उखाड़ने के लिए पंजाब पुलिस में 10,000 नए पद भरने की घोषणा करते हुए कहा कि पंजाब 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के अंतिम और निर्णायक चरण पर जंग लड़ रहा है। अपनी तरह की पहली 'एस.एच.ओज. मिलनी' के दौरान शानदार कारगुजारी वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित करने के लिए करवाए गए समारोह में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पुलिस को नशे के खिलाफ हर जायज कार्रवाई करने की खुली छूट दी गई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को गांवों और कस्बों में जाने, लोगों को साथ लेने और इस बुराई पर रोक लगाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अब पूरे पंजाब में जन लहर बन चुका है, जबकि पुलिस फोर्स को जल्द ही 450 ए.एस.आई. और 3,400 पुलिस जवान मिलेंगे। इस समारोह की कुछ झलकियां साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एक्स पर लिखा÷ ÷आज महाराजा रणजीत सिंह अकादमी, फिल्लौर में डी.जी.पी. से लेकर एस.एच.ओ. तक के पंजाब पुलिस अधिकारियों के साथ अहम मीटिंग की। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत हमने पुलिस को नशा तस्करों के खिलाफ कानून के दायरे में सख्त कार्रवाई करने की पूरी खुली छूट दी हुई है। फोर्स को अत्याधुनिक सुविधाएं देने के साथ-साथ हम बिना किसी सिफारिश या पक्षपात के 10,000 नई भर्तियां भी करने जा रहे हैं। आओ संकल्प लें कि जब तक नशे की बुराई को जड़ से नहीं उखाड़ दिया जाता, हम न रुकेंगे और न ही झुकेंगे। हम किसी भी मां या बहन की आंख में आंसू नहीं आने देंगे और नशा मुक्त 'रंगला पंजाब' बनाएंगे। इंकलाब जिंदाबाद। पुलिस जवानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह एक ऐतिहासिक पहल है जिसके माध्यम से मैं, डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डी.जी.पी.) के साथ मिलकर आपके कामकाज के हालातों को समझने, आपकी समस्याएं सुनने और आपकी भलाई के लिए कदम उठाने के लिए एस.एच.ओज के साथ सीधा संपर्क कायम कर रहा हूं। अपनी ड्यूटी पूरी लगन और ईमानदारी से निभाने वाले पुलिस कर्मचारियों को बधाई देते हुए

- **पुलिस को नशा खत्म करने के लिए हर जायज कार्रवाई करने की खुली छूट : भगवंत सिंह मान**

मुख्यमंत्री ने कहा, एस.एच.ओज पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है क्योंकि जमीनी स्तर पर आप ही पुलिस का चेहरा हैं।

लोग अपनी फरियादें लेकर आपके पास आते हैं और इंसाफ, सुरक्षा तथा तुरंत कार्रवाई की उम्मीद रखते हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार पुलिस जवानों के दबाव और चुनौतियों को समझती है और आपकी वाजिब चिंताओं के प्रति हमदर्दी भरा रवैया अपना रही है।

CMYK

page 2_Layout 1 03-10-2026 17:18 Page 1

सीएम सैनी भाजपा के सभी विधायकों के साथ आज दिल्ली में करेंगे पीएम मोदी से मुलाकात

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अर्चना गुप्ता समेत भाजपा के सभी विधायक शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। यह बैठक शाम को होने की उम्मीद है और इसमें हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से जुड़े अहम राजनीतिक और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा में पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले की तैयारियों और राजनीतिक हालात के साथ-साथ वोटर लिस्ट के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के नैरेटिव पर भी बात हो सकती है। यह बैठक इसलिए भी अहम है क्योंकि भाजपा चुनाव वाले राज्यों में अपनी संगठनात्मक तैयारियों और चुनावी रणनीति की समीक्षा कर रही है। पार्टी लीडरशिप इस बात पर भी चर्चा कर सकती है कि एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों और कैंपेन का जवाब राज्य की इकाइयां कैसे दें। प्रधानमंत्री के साथ बातचीत से पार्टी लीडरशिप को हरियाणा के विधायकों से राजनीतिक और संगठनात्मक मुद्दों पर फीडबैक लेने और आने वाली चुनावी चुनौतियों के लिए भाजपा की तैयारियों पर चर्चा करने का मौका भी मिल सकता है। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक ने एसआईआर के मुद्दे पर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इससे पहले शुक्रवार को, राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए और दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन लाए गए 'आप' नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि वे 'पुलिस से नहीं डरते।' चुनाव आयोग के अंदर मतभेदों का दावा करने वाली एक मीडिया रिपोर्ट के बाद ज्ञानेश कुमार पर विपक्ष के 'वोट चोरी' के आरोपों ने जोर पकड़ लिया। इस बीच, भाजपा में हालिया संगठनात्मक फेरबदल के तहत, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सतीश पूनिया की जगह पार्टी के हरियाणा प्रभारी का पद संभाला है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भाजपा ने पंजाब में अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं और विधानसभा चुनाव से पहले ड्रग्स की समस्या उसके मुख्य चुनावी मुद्दों में से एक बनकर उभरी है।

पार्टी राज्य में ड्रग्स की समस्या, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा हालात से निपटने के तरीके को लेकर सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को निशाना बना रही है।

कानून-व्यवस्था से लेकर रोजगार तक हर मोर्चे पर सरकार विफल, सवालों से भागने के बजाय जवाब दे सरकार : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती



उचाना। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में उचाना में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, जनता के बीच कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने तथा प्रदेश से जुड़े जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया गया।

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि आज हरियाणा का किसान अपनी तैयार फसल लेकर मंडियों में पहुंच रहा है, लेकिन उसे खरीद, उठान और भुगतान से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धान और बाजरे की खरीद को लेकर किसानों की शिकायतें सामने आ रही हैं। सरकार ने खरीद व्यवस्था को लेकर तैयारियों के निर्देश जरूर दिए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसान को अपनी फसल बेचने के लिए मंडियों में भटकना न पड़े, उसकी फसल की समय पर खरीद हो, उठान हो और भुगतान में देरी न हो–सरकार को इन सभी बिंदुओं पर जवाबदेही तय करनी चाहिए। किसान की मेहनत का उचित मूल्य दिलाना केवल घोषणा का विषय नहीं, बल्कि सरकार की जिम्मेदारी है। संजय दत्त ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर आम लोगों के मन में चिंता बढ़ रही है। अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, महिलाओं और व्यापारियों की सुरक्षा तथा आम नागरिक को भयमुक्त वातावरण देना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर कानून के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं के मुद्दे पर कहा कि हरियाणा के युवाओं को रोजगार और बेहतर भविष्य चाहिए। हाल में जारी श्रम बाजार संबंधी आंकड़ों में हरियाणा में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के 27.2 प्रतिशत युवाओं के रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण से बाहर होने की बात सामने आई है। सरकार को रोजगार के अवसर बढ़ाने, भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और युवाओं के भविष्य को लेकर ठोस नीति पर काम करना चाहिए। संजय दत्त ने स्ट्रक्र और मतदाता सूची में बदलाव को लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहना चाहिए और किसी भी नाम को हटाने से पहले संबंधित व्यक्ति को उचित अवसर मिलना चाहिए। पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता आवश्यक है।

मेरा युवा भारत, चंडीगढ़ द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम का आयोजन

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। मेरा युवा भारत, चंडीगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम का आयोजन 4 अक्टूबर, 2026 (रविवार) को पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के गांधी भवन में किया जाएगा। यह कार्यक्रम 100 सप्ताह के नशा मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नशीले पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक एवं उत्पादक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक युवाओं के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त एवं स्वस्थ भारत का संदेश देने के उद्देश्य से युवाओं पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें वार्म-अप एवं रिदमिक योग, नुक्कड़ नाटक, गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन, नशा मुक्त युवा शपथ तथा नशा मुक्त युवा वॉक प्रमुख रूप से शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5:30 बजे प्रतिभागियों के आगमन एवं पंजीकरण के साथ होगी, जिसके बाद वार्म-अप एवं रिदमिक योग का आयोजन किया जाएगा।

मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशीले पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया जाएगा तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार विकल्प अपनाने के महत्व का संदेश दिया जाएगा। प्रतिभागियों को नशा मुक्त युवा शपथ दिलाई जाएगी, जिसके माध्यम से नशा मुक्त समाज के निर्माण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता व्यक्त की जाएगी। पंजाब विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे, जिसके पश्चात प्रातः 7:05 बजे नशा मुक्त युवा वॉक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वॉक के पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागी पुनः गांधी भवन में एकत्रित होंगे। यह पहल युवाओं को नशा मुक्त भारत के संदेश के सक्रिय दूत के रूप में जोड़ने तथा उन्हें अपने साथियों, परिवारों एवं समुदायों के बीच नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने में सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास है। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए संगठित करने तथा स्वस्थ, जिम्मेदार एवं सामाजिक रूप से जागरूक युवाओं के माध्यम से विकसित भारत के विजन में योगदान देने के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

- नहरी मोघों और सिंचाई सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश

लंबित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश

डेली आवाज भारती



लहरागागा। कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज अपने लहरागागा स्थित कार्यालय में सिंचाई, नहर और बी.एम.एल. के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में नहरी मोघों सहित विभिन्न सिंचाई सुविधाओं और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए, ताकि किसानों को इनका लाभ समय पर मिल सके। बैठक के दौरान श्री गोयल ने चल रही और लंबित सिंचाई परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति के बारे में अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उन्होंने नहरी मोघों से संबंधित समस्याओं और सिंचाई व्यवस्था में आवश्यक सुधारों को लेकर विचार-विमर्श करते हुए कहा कि किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कृषि के लिए बेहतर सिंचाई सुविधाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं और नहरी पानी की सुचारू आपूर्ति किसानों के लिए बड़ी सुविधा है। उन्होंने कहा कि सिंचाई से संबंधित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने से कृषि कार्यों में आने वाली परेशानियों को कम करने और मौजूदा सुविधाओं को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ काम करें। यदि किसी परियोजना को पूरा करने में विभागीय स्तर पर कोई बाधा आ रही है तो उसे दूर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए।

उन्होंने कार्यों की नियमित निगरानी करने और उनकी प्रगति की लगातार समीक्षा करते रहने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि नहरी मोघों और अन्य सिंचाई सुविधाओं से संबंधित किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उनके समाधान के लिए समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को जमीनी स्तर की जरूरतों के अनुसार काम करने के लिए कहा, ताकि परियोजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच सके। कैबिनेट मंत्री ने दोहराया कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को मजबूत करना और लंबित परियोजनाओं को पूरा करवाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि इन कार्यों की प्रगति की लगातार समीक्षा की जाएगी, ताकि किसानों की सिंचाई संबंधी जरूरतों को सुचारू ढंग से पूरा किया जा सके।

2 ग्राम हैरोइन के पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर झावड़ा रोड से 2 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर लिंक रोड झावला में बंद पड़े शैलर के नजदीक से ग्राहकों का इंतजार कर रहे स्वर्ण सिंह उर्फ सोनू पुत्र काला सिंह वासी ज्याय सिंह वाला व गौरव कुमार पुत्र प्रेम चंद वासी नजदीक राजी भगत मंदिर वार्ड नंबर 7 को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में स्वर्ण व गौरव पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

सूखे की चपेट में कर्नाटक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को बताया कि उन्होंने कर्नाटक में 'गंभीर' सूखे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है और उनसे इस मामले में व्यक्तिगत और तत्काल दखल देने का आग्रह किया है। 1 अक्टूबर को लिखा गया पत्र शनिवार को 'एक्स' पर साझा करते हुए खड़गे ने कहा, 'राज्य हाल के वर्षों में सबसे गंभीर सूखे की स्थितियों में से एक का सामना कर रहा है, सितंबर तक 58 प्रतिशत वर्षा की कमी, व्यापक फसल नुकसान और लाखों किसान परिवारों के लिए गंभीर संकट है। उन्होंने बताया कि कर्नाटक ने 18,748.23 करोड़ रुपए के अनुमानित नुकसान के बदले स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एसडीआरएफ) और नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फंड (एनडीआरएफ) के तहत 3,705.30 करोड़ रुपए की सहायता मांगी है। कांग्रेस प्रमुख ने इस स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री से की गई मांगों को भी शेयर किया, जिसमें सूखे की घोषणा करने, किसानों की सुरक्षा के लिए तुरंत आकलन करने और पीने के पानी की सुरक्षा के लिए मदद देने का आग्रह किया गया। खड़गे ने कहा, 'बिना किसी देरी के एक केंद्रीय टीम को विशेष रूप से कल्याणा कर्नाटक का दौरा करने और जमीनी स्तर पर सूखे से हुए नुकसान की जांच करने के लिए भेजा जाना चाहिए। 3,705.30 करोड़ रुपए जारी करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा, बिना किसी मनमानी कटौती के एनडीआरएफ और एसडीआरएफ नियमों के तहत कर्नाटक द्वारा मांगी गई पूरी राशि को मंजूरी दें और जारी करें। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों की सुरक्षा की भी मांग की और कहा, इनपुट सब्सिडी की गणना 2015-16 की पुरानी कृषि जनगणना के बजाय कर्नाटक के अपडेटेड %भूमि% जमीन रिकॉर्ड के आधार पर करें, ताकि कोई भी पात्र किसान छूट न जाए। खड़गे ने कहा, 'अभी 'ग्राउंड ट्रूथिंग' (जमीनी हकीकत की जांच) से गुजर रहे 11 अतिरिक्त तालुकों और आगे योग्य पाए जाने वाले किसी भी अन्य तालुक को केंद्रीय सहायता के लिए एक ही निरंतर सूखा घटना के हिस्से के रूप में माना जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र से पीने के पानी की सुरक्षा और वैकल्पिक बिजली की लागत के लिए ज्यादा मदद देने का भी आग्रह किया, खासकर कावेरी और पनबिजली (हाइडल) कैचमेंट क्षेत्रों में जलाशयों के ऐतिहासिक रूप से कम स्तर को देखते हुए। उन्होंने सरकार से यह भी मांग की कि वह कर्नाटक को 'निष्पक्ष और तत्काल सहायता' सुनिश्चित करे। खड़गे ने कहा, राजनीतिक विचारों से प्रभावित हुए बिना, राज्य भर के 31 लाख से ज्यादा किसान परिवारों के सामने मौजूद संकट के पैमाने को ध्यान में रखते हुए, योग्यता के आधार पर और पूरी तत्परता के साथ कर्नाटक को सहायता जारी करें।

घर की तरफ जाते रास्ते को चौड़ा करने से रोका तो व्यक्ति को मारपीट कर जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन गांव रुकने वाला में एक व्यक्ति ने को मारपीट करके जख्मी करने वाले दोषी व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता भजन सिंह पुत्र सरदारा सिंह वासी रुकने वाला ने बताया कि दोषी कुलवंत सिंह पुत्र अर्जुन सिंह वासी रुकने वाला मक्खू बीते दिन ट्रैक्टर के पीछे कराहा डालकर रास्ते को चौड़ा कर रहा था तो उसने उसका विरोध किया और उसे रोका। जिसके बाद दोषी कुलवंत सिंह ने पीड़ित भजन सिंह के साथ मारपीट की और उसे जख्मी कर दिया। मामले की जांच कर रहे रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोषी कुलवंत सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

प्रियंका कक्कड़ ने छोड़ी 'आप, कहा- बंगला-गाड़ी नहीं लेने की बात थी, अब चॉपर से चलते हैं नेता

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) को शनिवार को बड़ा झटका लगा। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रहीं प्रियंका कक्कड़ ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ली। इस दौरान प्रियंका कक्कड़ ने आम आदमी पार्टी छोड़ने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा, ÷मुझे वही पुरानी ग्रीन दिल्ली वापस चाहिए, जिसमें मैं बड़ी हुई थी। मुझे साफ-सुथरी और प्रोग्रेसिव दिल्ली चाहिए। दशकों तक राजधानी को देखने के बाद मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी ही ऐसा कर सकती है।÷ उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा, ÷मैंने ऑब्जर्व किया कि आज की राजनीति में अगर कोई नेता सच्चाई से बात करता है तो वह राहुल गांधी हैं। वह एकमात्र लीडर हैं, जिन्होंने कैमरा के लिए आंसू नहीं बहाए। राहुल गांधी को नीचा दिखाने के लिए पूरी एक मशीनरी लगा दी गई, पर उन्होंने हार नहीं मानी। कांग्रेस पार्टी में एक आत्मा है, जो बाकी पार्टियों में मिसिंग दिखी। 'आप' पर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा, मैंने आप इसलिए छोड़ी, क्योंकि बात हुई थी कि बंगला और गाड़ी नहीं लेंगे, लेकिन बाद में यात्रा के लिए चॉपर यूज होने लगे। मैं यह लंबे समय तक बचाव नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा, 'आप' ने बहुत इंटेलिजेंट लोगों को एक समय पर अट्रैक्ट किया था, लेकिन वह उसे बरकरार नहीं रख पाए। वे नए लोग, जिन्होंने बूथ लेवल पर भी काम नहीं किया, उन्हें राजस्थान से उठाकर पंजाब में बड़े-बड़े पद, बंगला और गाड़ी सब दिया जा रहा है। मैं इन चीजों का कैसे बचाव कर सकती हूं। राहुल गांधी के %वोट चोरी% वाले अभियान का समर्थन करते हुए प्रियंका ने कहा, ÷राहुल गांधी ने लगातार ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एक मुहिम छेड़ रखी है। उन्होंने सभी को बताया और हमें भी जनता को इसके प्रति जागरूक करना पड़ेगा कि किस तरह से हमारा इकलौता वोटिंग अधिकार को ज्ञानेश कुमार चोरी करके मोदी जी के खाते में डाल रहे हैं। हमें यह रोकना पड़ेगा। हम सभी को कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ आना चाहिए। बता दें कि प्रियंका कक्कड़ लंबे समय से आम आदमी पार्टी की तेजतर्रार प्रवक्ता रही हैं।

रूसी नौसेना के प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिणी नौसेना कमान और भारतीय नौसेना अकादमी का दौरा किया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। भारत और रूस के बीच नौसैनिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में रूसी नौसेना के छह सदस्यों वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने केरल में दक्षिणी नौसेना कमान और भारतीय नौसेना अकादमी का दौरा किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैप्टन फर्स्ट रैंक सर्गेई वी. सैतोव ने किया। भारतीय नौसेना ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने 27 सितंबर से एक अक्टूबर तक अपनी यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना के ट्रेनिंग सिस्टम, बुनियादी ढांचे और अलग-अलग फैसिलिटी के बारे में जानकारी ली। भारतीय नौसेना ने 'एक्स पोस्ट पर लिखा, बातचीत के दौरान समुद्री सहयोग को और बढ़ाने, दोनों नौसेनाओं के साथ मिलकर काम करने की क्षमता बेहतर करने और संस्थागत तथा प्रोफेशनल रिश्तों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। यह भारत और रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही नौसैनिक साझेदारी को दिखाता है।

रूसी नौसेना के प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा ऐसे समय हुआ है, जब भारत और रूस अपने पुराने रक्षा और रणनीतिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री एस. जयशंकर और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच बैठक हुई थी। रूस के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरान दोनों देशों ने अपनी 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त' रणनीतिक साझेदारी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक के बाद रूस के विदेश मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा, दोनों पक्षों ने रूस-भारत की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और संयुक्त राष्ट्र, जी20 तथा ब्रिक्स में करीबी तालमेल बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी 'एक्स' पर बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने कई मौजूदा मुद्दों पर विचार साझा किए।

मानसून ने पकड़ी वापसी की रफ्तार, बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों से विदाई

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने उत्तर भारत के बाकी बचे हिस्सों के साथ-साथ पूरे गुजरात और मध्य प्रदेश तथा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों से भी वापसी कर ली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को जारी अपने पूर्वानुमान में बताया कि अगले 2-3 दिनों के दौरान मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून वापसी की रेखा शनिवार को 27.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश/86.5 डिग्री पूर्वी देशांतर, सुपौल, रांची, रायपुर, ब्रह्मपुरी, परभणी, बारामती और हरनाई से होते हुए 17.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश/71.8 डिग्री पूर्वी देशांतर तक बनी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में मराठवाड़ा, विदर्भ, बिहार और झारखंड के अधिकांश हिस्सों, मध्य महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों तथा तेलंगाना और उत्तर आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की आगे वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान त्रिपुरा में भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, यहां 7 से 11 सेंटीमीटर तक बारिश हुई। वहीं, 3 अक्टूबर को असम और मेघालय तथा अरुणाचल प्रदेश में भी भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा 4 से 6 अक्टूबर के दौरान केरल और माहे तथा तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में 5 और 6 अक्टूबर को कहीं-कहीं भारी बारिश का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार, इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में कई मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। पूर्वोत्तर असम और आसपास के क्षेत्र में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिम-मध्य अरब सागर और आसपास के क्षेत्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार, दक्षिण-पूर्व अरब सागर और लक्षद्वीप क्षेत्र में भी चक्रवाती परिसंचरण मौजूद हैं। कोमोरिन और आसपास के क्षेत्र तथा दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश के पास भी चक्रवाती परिसंचरण बने हुए हैं। वहीं, उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से उत्तर गुजरात तक मध्य क्षोभमंडल में एक ट्रफ यानी द्रोणिका बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 6 से 8 अक्टूबर के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में तथा 5 से 9 अक्टूबर के दौरान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में 6 से 9 अक्टूबर तक हल्की बारिश की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 6 और 7 अक्टूबर तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 5 से 8 अक्टूबर के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में 9 अक्टूबर को व्यापक बारिश का अनुमान है। इस दौरान कुछ इलाकों में तेज हवाएं और गरज-चमक भी देखने को मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश में 6 से 8 अक्टूबर और उत्तराखंड में 5 से 7 अक्टूबर के दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मध्य भारत में पश्चिमी मध्य प्रदेश में 8 और 9 अक्टूबर, पूर्वी मध्य प्रदेश में 7 से 9 अक्टूबर तथा छत्तीसगढ़ में 5 से 9 अक्टूबर के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ में 6 और 7 अक्टूबर को 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ गरज-चमक की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून की वापसी के बावजूद देश के कई हिस्सों में सक्रिय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रह सकता है।

CMYK

page 3_Layout 1 03-10-2026 20:52 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ रविवार, 4 अक्तूबर 2026

गुरु रविदास महाराज की शिक्षाएं समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाती हैं: अमन अरोड़ा

सुनाम के आसमान पर ड्रोन शो के जरिए उकेरा गया गुरु साहिब का जीवन-दर्शन

- भाई जोगिंदर सिंह लुधियाने वालों के रस-भिन्न कीर्तन से संगत हुई निहाल

डेली आवाज भारती



सुनाम। श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत पंजाब सरकार द्वारा आज शहीद ऊधम सिंह कॉलेज, सुनाम में गुरु साहिब के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित ड्रोन शो करवाया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने संगत के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम में शिरकत की। ड्रोन के माध्यम से आसमान में उकेरी गई रोशनी की आकृतियों ने गुरु साहिब की बाणी, जीवन-दर्शन और सर्व-साझीवालता के संदेश को साकार करते हुए आधुनिक तकनीक और आध्यात्मिक विरासत का सुंदर मेल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार श्री गुरु रविदास महाराज जी की शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने मानवता को समानता, प्रेम, मेहनत और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाया।

उनकी बाणी जात-पात और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर हर इंसान के मान-सम्मान की रक्षा करने की प्रेरणा देती है। अमन अरोड़ा ने कहा कि गुरु साहिब द्वारा दर्शाया गया 'बेगमपुरा' का संकल्प ऐसे समाज के निर्माण के लिए मार्गदर्शन करता है, जहां हर व्यक्ति बिना किसी डर या भेदभाव के सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाना और आपसी भाईचारे को मजबूत करना गुरु साहिब के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ड्रोन शो जैसी अनूठी प्रस्तुतियां नई पीढ़ी को महान आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि आसमान में उभरती रोशनी की आकृतियों के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन और विचारधारा की प्रस्तुति बच्चों और युवाओं में उनकी बाणी एवं शिक्षाओं के बारे में जानने की रुचि बढ़ाती है। इस अवसर पर भाई जोगिंदर सिंह लुधियाने वालों के कीर्तनी जत्थे ने रस-भिन्न कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। अमन अरोड़ा ने कहा कि पंजाब की धरती साझीवालता, सेवा और भाईचारे की एकता का प्रतीक है। पंजाब सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य इस विरासत को संरक्षित करना तथा मानवता के प्रति प्रेम और समानता के गुरु साहिब के संदेश को जन-चेतना का हिस्सा बनाना है। कैबिनेट मंत्री ने संगत से अपील की कि वे गुरु साहिब की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए समाज में आपसी सम्मान, सहयोग और सद्भावना को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि हर इंसान को समान सम्मान देना, जरूरतमंदों की मदद करना और सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयास करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।



जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 13 ग्राम हैरोइन सहित 3 को किया गिरफ्तार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना सिटी जीरा एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान बीते दिन विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते थाना जीरा सदर के ए.एस.आई शमशेर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव अवान के नजदीक से शक के अधार पर जोज्जिन्द्र सिंह पुत्र काला सिंह वासी वाड़ा पोह विंडीयां व हरजीत सिंह पुत्र विरसा सिंह वासी मल्लोके को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जबकि दूसरे मामलें में थाना मक्खू के हवलदार लवप्रीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान साहिब सिंह उर्फ साबी पुत्र बख्शीश सिंह वासी ईसा नगरी मक्खू को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे शमशेर सिंह व लवप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में दोषीयों के खिलाफ मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विश्व रेबीज दिवस के तहत आवारा कुत्तों का निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित

- शिविर में कुल 96 आवारा कुत्तों का किया गया टीकाकरण

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): डिप्टी कमिश्नर-सह-चेयरपर्सन सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स फिरोजपुर दीशिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार और असिस्टेंट डायरेक्टर पशुपालन विभाग-सह-ज्वाइंट सेक्रेटरी सोसायटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स फिरोजपुर डा.कंवरअनूप क्लेर की देखरेख में आज सरकारी वेटरनरी पॉलीक्लीनिक फिरोजपुर की टीम द्वारा विश्व रेबीज दिवस पर आवारा कुत्तों को निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर लगाकर मनाया गया। इस दौरान डा.गुरनूर सिंह वेटरनरी अफसर ने बताया कि इस शिविर में कुल 96 आवारा कुत्तों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया। आवारा कुत्तों के काटने से हल्की सी बीमारी इंसानों को होती है। इन भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण ही इसका एकमात्र हल है। इसके अतिरिक्त फिरोजपुर शहर में श्रीमती मालती सेठी समाज सेविका और फिरोजपुर कैंट में कार्तिक, प्रभू सिद्ध समाज सेवकों द्वारा चलाए जा रहे डॉग शेल्टर घरों में जाकर भी आवारा कुत्तों का एंटी रेबीज वैक्सीन से टीकाकरण किया गया। इस शिविर में म्युनिसिपल कमेटी के कार्य साधक फिरोजपुर के साथ तालमेल करके भी सरकारी वेटरनरी पॉलीक्लीनिक फिरोजपुर में आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया। शिविर में डा.गुरनूर सिंह वेटरनरी अफसर, रणधीर सिंह वेटरनरी इंस्पेक्टर और साहिल हाजिर थे।

पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आय और रोजगार बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालन को लाभदायक सहायक व्यवसाय के रूप में प्रशिक्षण

डेली आवाज भारती



संगरूर। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा, लुधियाना और आई.सी.ए.आर.-अटारी, जोन-1, लुधियाना के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर द्वारा अपने कैंपस में ÷मधुमक्खी पालन-एक लाभदायक सहायक व्यवसाय÷ विषय पर पांच दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इसमें जिले के विभिन्न ब्लॉकों से कुल 31 किसानों और किसान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन सत्र के दौरान डॉ. मनदीप सिंह, प्रभारी, पी.ए.यू.-कृषि विज्ञान केंद्र, संगरूर ने प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन कम लागत और अधिक लाभ देने वाला सहायक व्यवसाय है, जिसे छोटे एवं सीमांत किसान, भूमिहीन मजदूर और किसान महिलाएं भी अपना सकती हैं। उन्होंने बताया कि शहद के अलावा मधुमक्खियां परागण के माध्यम से फसलों की पैदावार बढ़ाने में मदद करती हैं और इसके उप-उत्पादों से अतिरिक्त आय भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने केंद्र द्वारा आयोजित की जा रही अन्य व्यावसायिक प्रशिक्षणों और प्रसार गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। डॉ. गुरबीर कौर, सहायक प्रोफेसर (पौध रोग विज्ञान) एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर ने मधुमक्खी पालन के आर्थिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खियों की विभिन्न प्रजातियों, विशेष रूप से इटालियन मधुमक्खी (एपिस मेलिफेरा), उसकी शारीरिक संरचना, परिवार की संरचना और मौसम के अनुसार देखभाल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मधुमक्खी पालन में इस्तेमाल होने वाले जरूरी उपकरणों जैसे मधुमक्खी पेटी, स्मोकर, अनकैपिंग चाकू, शहद निकालने वाली मशीन, क्वीन एक्सक्लूडर और सुरक्षा कपड़ों के इस्तेमाल का प्रदर्शन भी किया। उन्होंने शहद के पोषण संबंधी और औषधीय उपयोग, पतझड़, सर्दी, गर्मी और बसंत ऋतु के दौरान मधुमक्खियों की देखभाल, आहार, परिवारों का विभाजन, रानी पालन और परिवारों को एकत्रित करने के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रोपोलिस, मोम, रॉयल जेली, मधुमक्खी के जहर और पराग जैसे उप-उत्पादों के महत्व के बारे में भी बताया। इसके अलावा यूरोपियन एवं अमेरिकन फाउल ब्रूड, थाई सैक ब्रूड जैसी बीमारियों तथा मोम सुंडी और वरोआ माइट जैसे कीटों की रोकथाम संबंधी जानकारी दी। के.वी.के., खेड़ी में स्थापित मधुमक्खी पालन यूनिट में प्रशिक्षणार्थियों को मधुमक्खी के बक्सों की देखभाल, ब्रूड की जांच और शहद निकालने की व्यावहारिक ट्रेनिंग भी दी गई।

विधायक डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने पशु अस्पताल एवं गौशाला का किया उद्घाटन

- पशुओं के उपचार और देखभाल के लिए उपलब्ध करवाई जाएंगी आधुनिक सुविधाएं
- गौशाला में करीब 400 बेसहारा पशुओं की की जाएगी देखभाल

डेली आवाज भारती



अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान तथा उनके उपचार और उचित देखभाल के लिए नगर निगम द्वारा झब्बाल रोड पर तैयार किए गए पशु अस्पताल एवं गौशाला का आज केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अजय गुप्ता और दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों विधायकों ने पशु अस्पताल एवं गौशाला में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शहरों में बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य, उपचार और देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के साथ-साथ इन पशुओं को सुरक्षित स्थान और बेहतर देखभाल उपलब्ध करवाना भी नगर निगम की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम अमृतसर द्वारा झब्बाल रोड पर करीब 2 एकड़ भूमि में पशु अस्पताल एवं गौशाला तैयार की गई है। इस सुविधा में बेसहारा पशुओं को रखने के साथ-साथ उनके उपचार के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पशुओं के उपचार के लिए एक पशु चिकित्सक नियुक्त किया गया है, जबकि पशुओं की रोजाना देखभाल और प्रबंधन के लिए स्टाफ भी तैनात किया गया है। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा अब तक सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से करीब 60 बेसहारा पशुओं को पकड़कर इस गौशाला में स्थानांतरित किया जा चुका है। आने वाले समय में भी नगर निगम की टीमें शहर के विभिन्न इलाकों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर यहां लाएंगी। विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि इस गौशाला में चरणबद्ध तरीके से करीब 400 बेसहारा पशुओं की देखभाल करने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं को सुरक्षित और उचित वातावरण उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शहर की गलियों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में लाया जाएगा। इससे एक ओर सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखकर उनकी उचित देखभाल भी की जा सकेगी। विधायकों ने कहा कि पशु अस्पताल एवं गौशाला को पशुओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यहां पशुओं को रखने के लिए पर्याप्त स्थान, उपचार की सुविधा और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

नशों के खिलाफ खरड़ हलके में विशेष जागरूकता अभियान चलाएगी कांग्रेस : रणजीत सिंह जीती पडियाला

- गांव पडियाला में नशों के खिलाफ जागरूकता अभियान के दौरान जीती पडियाला ने किया ऐलान

डेली आवाज भारती



कुराली, संदीप अकालगढ़िया : गांव पडियाला में नशों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पूर्व प्रधान जिला कांग्रेस कमेटी मोहाली रणजीत सिंह जीती पडियाला ने ऐलान किया कि कांग्रेस पार्टी की ओर से खरड़ हलके में नशों के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जीती पडियाला ने कहा कि नशों की समस्या किसी एक गांव, शहर या परिवार की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। इसलिए इसके खिलाफ लड़ाई को केवल राजनीतिक बयानों तक सीमित रखने के बजाय गांव-गांव और घर-घर तक जागरूकता पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित अभियान के तहत खरड़ हलके के विभिन्न गांवों में विशेष अभियान चलाया जाएगा और युवाओं के साथ बातचीत की जाएगी। जीती पडियाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उद्देश्य युवाओं को नशों से बचाने के लिए सामाजिक जागरूकता और लोगों की भागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि खरड़ हलके के लोगों को इस अभियान के साथ जोड़कर नशों के खिलाफ एक सांझी आवाज बुलंद की जाएगी। उन्होंने कहा कि ÷नशा मुक्त समाज÷ केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर परिवार और हर गांव की सांझी जिम्मेदारी है। इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के साथ मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। इस अभियान के दौरान मेजर सिंह, नरेंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, गुरिंदर सिंह बंटी और दिलसरन सिंह सहित बड़ी संख्या में गांववासी और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

थाना सिटी खरड़ के बाहर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को तुरंत हटवाने की मांग : कंग

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री स. जगमोहन सिंह कंग ने एडवोकेट स. कुलवंत सिंह शेरगिल की अगुवाई में खरड़ के गणमान्य व्यक्तियों और निवासियों के साथ एक आपात बैठक की। इस बैठक में विशेष तौर पर शहर में होने वाले विकास कार्यों आदि का जायजा लिया गया। सभी ने जोर देकर कहा कि कंग साहब, बिल्कुल खरड़ शहर के साथ लगते थाना सिटी के सामने, दाएं-बाएं लंबे समय से बहुत सारी दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियां रखी/खड़ी की गई हैं। इस संबंध में हम पुलिस/प्रशासन को कई बार कह चुके हैं, क्योंकि इसी थाने की ओर से शहर में आने-जाने का मुख्य रास्ता है और बाजार में आने-जाने वाले ट्रैफिक के लिए पार्किंग भी है। लेकिन इन दुर्घटनाग्रस्त खड़ी गाड़ियों के कारण बाजार में सारी आवाजाही को बहुत परेशानी होती है, बल्कि उचित पार्किंग भी नहीं मिलती। इस कारण पूरा शहर और आने-जाने वाले ग्राहक काफी हैरान-परेशान होते हैं। इसके अलावा नगर परिषद खरड़ की ओर से मेन बाजार खरड़ की भी उचित साफ-सफाई नहीं हो रही। कूड़े आदि के ढेर लगे रहते हैं और शहर में से गुजरती कई सड़कें भी टूटी पड़ी हैं। मौजूदा लगी कई स्ट्रीट लाइटें आदि भी नहीं चलतीं। गणमान्य व्यक्तियों ने जोर देकर कहा कि पिछले कुछ समय से शहर में चोरी आदि की वारदातें भी खुलेआम हो रही हैं। इसलिए रात के समय यहां पुलिस की उचित गश्त होना भी जरूरी है। पूर्व मंत्री कंग ने उपस्थित लोगों और शहरवासियों को भरोसा दिलाया कि उपरोक्त सभी मुद्दों और बातों को वह अलग-अलग विभागों के साथ तालमेल करके पूरा करवाने की कोशिश करेंगे।

विधायक नरिंदर कौर भराज ने संगरूर और भवानीगढ़ की अनाज मंडियों में धान की खरीद की शुरुआत करवाई

खरीद प्रबंधों का लिया जायजा; फसल की समय पर खरीद, लिफ्टिंग और भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश

- किसानों को मंडियों में किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी: नरिंदर कौर भराज

डेली आवाज भारती



संगरूर/भवानीगढ़। विधायक नरिंदर कौर भराज ने आज संगरूर और भवानीगढ़ की अनाज मंडियों में धान की खरीद की शुरुआत करवाई और खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों, आढ़तियों और संबंधित अधिकारियों से बातचीत करते हुए खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए आपसी तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिए। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार किसानों की फसल की निर्बाध खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत से तैयार हुई फसल की समय पर खरीद और उसका भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में धान की आवक के साथ-साथ खरीद और लिफ्टिंग की प्रक्रिया भी लगातार जारी रखी जाए, ताकि फसल के ढेर लगने के कारण किसानों और आढ़तियों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि खरीद एजेंसियों और मार्केट कमेटियों के अधिकारी खरीद प्रक्रिया की नियमित निगरानी करें और किसी भी समस्या का तुरंत समाधान सुनिश्चित करें। विधायक ने मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, रोशनी और शौचालयों सहित बुनियादी सुविधाओं के उचित प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि किसानों, मजदूरों और मंडियों में काम करने वाले अन्य लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में सूखा और साफ धान ही लेकर आएं, ताकि फसल की खरीद में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने किसानों से पराली को आग लगाने के बजाय इसके उचित प्रबंधन के लिए उपलब्ध साधनों का उपयोग करने की भी अपील की। नरिंदर कौर भराज ने कहा कि किसानों, आढ़तियों, मजदूरों और खरीद एजेंसियों के सहयोग से धान खरीद का सीजन सुचारू रूप से पूरा किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंडियों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए वह अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में रहेंगी।

page 4_Layout 1 03-10-2026 20:54 Page 1

नयागांव में काम शुरू न होने पर बलजीत सिंह खालसा ने ऐसे जताया अपना विरोध

फायर स्टेशन का काम शुरू न हुआ तो नींव पत्थर ही उखाड़ दिया

डेली आवाज भारती

नयागांव/हरतेज सिंह तेज़ी : विधानसभा चुनाव आने वाले हैं, इसलिए वादे-घोषणाएं करने का दौर भी शुरू हो चुका है। लेकिन नयागांव में कई घोषणाएं ऐसी हैं, जिन पर काम ही शुरू नहीं हुआ। इनमें प्रमुख है फायर स्टेशन का काम। 9 महीने पहले विधायक अनमोल गगन मान ने फायर स्टेशन का शिलान्यास किया था। 30 मार्च 2026 को टेंट लगाकर लाउड स्पीकर से दावा किया था कि इसे 2 करोड़ रुपए से बनाया जाएगा। यहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी खड़ी होगी लेकिन इस पर अब तक भी काम शुरू नहीं किया गया।

काम शुरू नहीं होने से नाराज बलजीत सिंह खालसा ने अनोखे तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।



जब काम ही शुरू नहीं करना था तो उन्होंने सुविधा सेंटर में लगाया गया शिलान्यास का नींव पत्थर ही उखाड़ लिया। उसे लेकर नयागांव नगर काउंसिल के दफ्तर पहुंच गए। सवाल उठाया कि यदि फायर ब्रिगेड की सुविधा शुरू ही नहीं करनी थी तो सरकारी खर्चे से नींव पत्थर लगाने की जरूरत क्या थी?

नींव पत्थर लगाया क्यों : नयागांव नगर काउंसिल में पहुंचकर बलजीत सिंह खालसा ने कहा कि नींव पत्थर लगाकर उसे भूल जाने वाली सरकार को जगाने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया है। अब त्योहारी सीजन शुरू हो चुका है, दिवाली भी नजदीक है। आगजनी जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। नयागांव में फायर स्टेशन की सुविधा होना जरूरी है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से फायर स्टेशन का काम जल्द शुरू करवाने और सुविधा को जल्द से जल्द लोगों के लिए उपलब्ध करवाने की मांग की।

नींव पत्थर उखाड़ने वाले पर कार्रवाई करवाएंगे : जब इस बारे में नयागांव नगर काउंसिल के ईओ विजय जिंदल से बातचीत की गई तो उन्होंने यह नहीं बताया कि फायर स्टेशन का काम क्यों नहीं शुरू हुआ और यह कब शुरू होगा। इतना कह दिया कि शिलान्यास का नींव पत्थर उखाड़ना सही नहीं है। विरोध करने का यह गलत तरीका है। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया है, जिसकी नयागांव पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

एक दर्जन लोगों ने घर में दाखिल होकर व्यक्ति को मारपीट कर किया जख्मी

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन गांव मल्लेवाला में घर में दाखिल होकर व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने और घटना के पश्चात पीड़ित के घर में तौड़-फौड़ करके सामान चोरी करके ले जाने वाले 12 लोगों के खिलाफ मापीट करने और चोरी की विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता डोगर पुत्र गुलजार सिंह वासी मल्लेवाला मक्खू ने बताया कि बीते दिन विशाल पुत्र गौरा, साजन सिंह पुत्र मेजर सिंह, जोरावर सिंह पुत्र राजपाल, वीरपाल पुत्र महिन्द्र सिंह, मेजर सिंह पुत्र सुख सिंह, अनरीक सिंह पुत्र राज, पाल सिंह, अमरीक सिंह पुत्र राजपाल सिंह, सुखा सिंह पुत्र माही दित्ता, गोरा पुत्र सुखा सिंह, इंद्र सिंह पुत्र साधु सिंह, अजय पुत्र माधु व हीरा सिंह पुत्र सीमा पुत्र वासी मल्लेवाला ने उसके घर में दाखिल होकर उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद दोषी उसके घर में तौड़-फौड़ करके घर से 2 तोले सोने के जैवरात व 45 हजार रुपए की नगदी चोरी करके ले गए है।

लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल गुरुहरसहाय के बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने खेल वतन पंजाब दियां में मारी बाजी

लड़के और लड़कियों की टीमों ने हासिल किया दूसरा स्थान

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहीद भगत सिंह स्टेडियम फिरोजपुर में आयोजित जिला स्तरीय खेल वतन पंजाब दियां के दौरान लिटिल फ्लावर कॉन्वेंट स्कूल गुरुहरसहाय की बास्केटबॉल टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल और इलाके का नाम रोशन किया है। अंडर-17 आयु वर्ग में स्कूल की लडे और लड़कियों दोनों टीमों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किए है। दोनों वर्गों के खिलाडि ों ने फाइनल मुकाबले तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत और खेल भावना का बेहतरीन सबूत दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल द्वारा विजेता विद्यार्थियों को उनके शानदार प्रयासों के लिए बधाई दी गई। इसके साथ ही टीमों के कोच मिस्टर करण और लड़कियों की टीम के साथ इंचार्ज के तौर पर गए अध्यापिका मिसेज कंचन को भी विशेष बधाई दी गई, जिनकी अथक मेहनत और योग्य नेतृत्व के कारण विद्यार्थी इस मुकाम पर पहुंचे हैं। स्कूल प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि यह खिलाड़ी भविष्य में भी खेल के क्षेत्र में इसी तरह नई ऊंचाइयों को छुएंगे।



विजेता टीम अपने अध्यापकों एवं कोच के साथ जीत के पश्चात खुशी व्यक्त करते हुए।

आर.एस इंटरनेशनल स्कूल के अभयजोत सिंह भुल्लर का राष्ट्रीय स्तर पर जलवा, टीम इंडिया के लिए हुआ चयन

- वर्ल्ड स्केट गेम्स 2026 के लिए इनलाइन हॉकी टीम का बना हिस्सा

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): आर.एस इंटरनेशनल स्कूल फिरोजपुर छावनी के विद्यार्थी अभयजोत सिंह भुल्लर का वर्ल्ड स्केट गेम्स 2026 (दक्षिण अमेरिका) के लिए इनलाइन हॉकी की टीम इंडिया में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से स्कूल और अभयजोत के परिवार में खुशी का माहौल है। मालूम हो कि अभयजोत के पिता दर्शन सिंह भुल्लर निवासी खूह बुर्ज वाला फिरोजपुर और समूह परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए स्कूल प्रबंधक हरचरण सिंह सामा ने कहा कि अभयजोत ने अपनी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर यह स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि युवा खिलाडि ों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उल्लेखनीय है कि आर.एस इंटरनेशनल स्कूल फिरोजपुर छावनी के विद्यार्थी अभयजोत सिंह भुल्लर को 2 अक्तूबर से 18 अक्तूबर तक असुंसीओन पैराग्वे (दक्षिण अमेरिका) में होने वाली वर्ल्ड स्केट गेम्स 2026 के लिए चुना गया है। इस संबंधी स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सोनिया राणा ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए अवसर देना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने अभयजोत के चयन पर खुशी व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जबकि वाइस प्रिंसिपल मैडम इंदु शर्मा ने अभयजोत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य हासिल करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी मिसाल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अभयजोत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करेगा। जिक्रयोग है कि वर्ल्ड स्केट गेम्स 2026 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना अभयजोत के खेल जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उसके चयन से फिरोजपुर क्षेत्र के खेल प्रेमियों में भी उत्साह पाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक हरचरण सिंह सामा, प्रिंसिपल सोनिया राणा, वाइस प्रिंसिपल इंदु शर्मा, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने टीम इंडिया की चढ़दीकला और सफलता के लिए प्रार्थना की। उन्होंने अभयजोत को आगामी मुकाबले के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करे।



खिलाड़ी अभयजोत सिंह भुल्लर की तस्वीर।

आढ़त से लाखों की गेहूं चोरी करने वाले व्यक्ति पर चोरी का मामला दर्ज

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): **थाना** मल्लांवाला की पुलिस ने बीते दिन एक आढ़त की दुकान से चोरी हुई लाखों की गेहूं के मामलें में 1 व्यक्ति के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता आढ़त की दुकान के मालिक के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मल्लांवाला के एएसआई जगजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता धर्मवीर सिंह पुत्र गुरदीप सिंह पुत्र अनोख सिंह वासी बीड़ सरकार ने बताया कि वह आढ़त की दुकान का काम करता है और हाड़ी का सीजन होने के कारण उसकी आढ़त की दुकान पर 100 गट्ठे गेहूं पड़ी हुई थी, जोकि बीती रात चोरी हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि उसे पता चला है कि उक्त गेहूं जिसकी कीमत 1 लाख 29 हजार के करीब है उसे दोषी मिरजा पुत्र दर्शन वासी चंदे वाली कामल वाला खुर्द ने चोरी किया है। मामले की जांच कर रहे जगजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में मिरजा पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गेहूं पर 25 रुपये एमएसपी बढ़ाना अन्नदाता के साथ भद्दा मजाकः कंग

डेली आवाज भारती

माजरी/ संदीप अकालगढ़िया : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कृषि प्रधान देश में गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी करना किसानों के साथ भद्दा मजाक है। कंग ने कहा कि गेहूं का एमएसपी पहले 2,585 रुपये प्रति क्विंटल था, जिसे 2027-28 के रबी विपणन वर्ष के लिए बढ़ाकर 2,610 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की बढ़ती लागत को देखते हुए यह बढ़ोतरी पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि डीजल, कीटनाशक, हाइब्रिड बीज, खाद और मजदूरी सहित खेती में इस्तेमाल होने वाली लगभग सभी वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में एमएसपी में केवल 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि से किसानों को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकती। पूर्व मंत्री कंग ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय कृषि और किसान हितों को ध्यान में रखते हुए एमएसपी में उचित बढ़ोतरी की जाती रही। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियों में कृषि और किसानों को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही। कंग ने कहा कि गेहूं के अलावा दालों और तिलहन के एमएसपी में भी मामूली बढ़ोतरी किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। एक ओर केंद्र और राज्य सरकारें फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने की बात करती हैं, जबकि दूसरी ओर किसानों को वैकल्पिक फसलों की ओर आकर्षित करने के लिए उचित एमएसपी, बीज, खाद और कीटनाशकों पर पर्याप्त सहायता जैसी ठोस व्यवस्था की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पंजाब सहित देश के कई हिस्सों में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, इसलिए फसल विविधीकरण समय की जरूरत है। लेकिन इसके लिए किसानों को आर्थिक रूप से व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध करवाना भी जरूरी है।



कंग ने कहा कि कृषि लाभकारी न रहने के कारण पंजाब सहित देश के ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक युवा खेती से दूर हो रहे हैं और रोजगार की तलाश में विदेशों का रुख कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से किसानों की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए एमएसपी और कृषि संबंधी नीतियों की समीक्षा करने की मांग की।

मोटरसाईकिल सवार 2 अवैध पिस्टल समेत मैगजीन सहित गिरफ्तार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस बीते दिन समाज विरोधी अनसरों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिग के दौरान मिली सूचना के अधार पर मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो अवैध पिस्टल समेत मैगजीन बरामद किए है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर असलाह एक्ट की धाराओं तहत मामलें दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना छावनी के एएसआई जगतार सिंह ने बताया कि उन्हें बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान सूचना मिली थी कि दोशी जोसन उर्फ सैम पुत्र बलदेव सिंह वासी फत्तू वाला अपने मोटरसाईकिल बजाज प्लसर रंग काला नंबर पीबी0-05एवी-7216 पर चौंक चुंगी नंबर 7 से शमशानघाट की तरफ जाती लिंक रोड पर अपने अवैध हथियार के साथ किसी का इंतजार कर रहा है। जिस पर पुलिस ने छापेमारी करके दोषी जोसन को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 अवैध पिस्टल 9 गलौक एम.एम समेत मैगजीन और मोटरसाईकिल बरामद किया है।

4 अक्तूबर को मेरीटोरियर्स स्कूल हुकूमत सिंह वाला फिरोजपुर में होगा ड्रोन शो : विधायक दहिया

- श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित ड्रोन शो में 500 ड्रोन देंगे प्रस्तुति

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित जिला फिरोजपुर में ड्रोन दिखाया जाएगा। यह ड्रोन शो 04 अक्तूबर को मेरीटोरियर्स स्कूल, हुकूमत सिंह वाला, फिरोजपुर में होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए हलका फिरोजपुर देहाती के विधायक रजनीश दहिया ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास महाराज जी के 650वें प्रकाश पर्व को बड़ी श्रद्धा से मनाते हुए आधुनिक माध्यम से गुरु जी के दर्शन को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह ड्रोन शो शाम 6.00 बजे से लेकर 7.30 बजे तक होगा और इस ड्रोन शो से पहले कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन से की जाएगी। इसके उपरांत लगभग 500 ड्रोन एक साथ आसमान में उडे र श्री गुरु रविदास महाराज जी के जीवन, वाणी और महान शिक्षाओं पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस ड्रोन शो करवाने का मुख्य उद्देश्य संगत को गुरु साहब के भाईचारे, समानता और मानवता की भलाई के संदेश से जोडना है। उन्होंने संगत से अपील की कि वह अपने परिवारों और बच्चों सहित इस ड्रोन शो का आनंद अवश्य लें।



अज्ञात मोटरसाईकिल सवार महिला के कानों से सोने की बालियां झपटा मारकर फरार

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना छावनी फिरोजपुर की पुलिस ने बीते दिन एक महिला के कानों से सोने की बालियां झपटा मारकर ले जाने वाले दो अज्ञात मोटरसाईकिल सवार लोगों के खिलाफ चोरी की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना छावनी फिरोजपुर के एएसआई सलविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता सुरिन्द्र कुमार अरोड़ा पुत्र हरबंस लाल वासी मकान नंबर 70 मॉडल टाऊन फिरोजपुर शहर ने बताया कि वह बीते दिन जब अपनी पत्नी उषा अरोड़ा के साथ एक्टीवा पर दवाई लेने के लिए आर्मी अस्पताल फिरोजपुर जा रहा था तो रास्ते में एसटीएफ दफ्तर के पास दो अज्ञात मोटरसाईकिल सवार उसकी पत्नी के कानों से सोने बालियां झपटा मारकर फरार हो गए, जिनका वजन करीब 6 ग्राम था। मामले की जांच कर रहे सलविन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

खस्ताहाल सड़क से परेशान गाँव वजीदपुर के लोगों का अनोखा विरोध; एंट्री पॉइंट पर लगाया व्यंग्यात्मक फ्लेक्स



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ / मुल्लांपुर (हरतेज सिंह तेज़ी): न्यू चंडीगढ़ के अधीन आते गाँव वजीदपुर के निवासियों ने अपने गाँव को जाने वाली सड़क की बेहद खस्ता हालत से तंग आकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ अनोखे तरीके से रोष प्रकट किया है। ग्रामीणों ने एंट्री पॉइंट पर एक फ्लेक्स बोर्ड लगाया है, जिस पर लिखा है– ÷यदि आप इस रोड पर आ रहे हैं, तो अपने वाहन के साथ मेडिकल किट और पंचर का सामान जरूर लेकर आएं।÷ ग्रामीणों ने बताया कि इस टूटी हुई सड़क के कारण रोजाना हादसे हो रहे हैं और वाहनों के टायर फटने व पंचर होने की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों का कहना है कि करीब 5 से 6 महीने पहले इस सड़क पर %गटका% (बजरी) डाला गया था, लेकिन उसके बाद किसी भी अधिकारी या प्रशासन ने इसकी सुध नहीं ली।



कई गाँवों की आवाजाही है प्रभावित

वजीदपुर की यह मुख्य सड़क करीब 5 से 7 गाँवों को आपस में जोड़ती है। इस रास्ते के जरिए ढकोरा, ढकोरा खुर्द, नगलीया और आसपास के अन्य गाँवों के लोग आना-जाना करते हैं, जिसके कारण हर दिन हजारों राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

सरकार से तुरंत दखल देने की अपील

ग्रामीणों ने पंजाब सरकार और संबंधित विभागों से जोरदार मांग की है कि इस सड़क की हालत को तुरंत सुधारा जाए और इस पर कोलतार (लुक) डालकर इसे नया बनाया जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

तीन लोगों ने व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना घल्लखुर्द की पुलिस ने बीदे दिन गांव शहजादी में एक व्यक्ति को मारपीट करके जख्मी करने वाले तीन लोगों के खिलाफ मारपीट करने की विभिन्न धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना घल्लखुर्द के एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता अमरीक सिंह पुत्र दर्शन सिंह वासी शहजादी ने बताया कि बीते दिन दोषी गौरा सिंह पुत्र दलीप सिंह, चमकौर सिंह उर्फ कौरी व सतनाम सिंह उर्फ सोनी पुत्र गौरा वासी गांव शहजादी ने उसके साथ मारपीट की और उसे मारपीट करके जख्मी कर दिया था। जिसके बाद दोषी वहां से फरार हो गए। मामले की जांच कर रहे रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में गोरा, चमकौर व सतनाम पर मामला दर्ज क रके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पुलिस ने 94.25 ग्राम और नशा करने वाले सामान सहित 10 को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला पुलिस ने एसएसपी भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने को चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 94.25 ग्राम हैरोइन और नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर थाना सदर फिरोजपुर, थाना आरफके, थाना ममदोट, थाना कुलगड़ी, थाना घल्लखुर्द एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना फिरोजपुर सदर के एएसआई जसपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गब्बर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह वासी बस्ती शाम सिंह गांव जलाल वाला, सागर पुत्र बुटा सिंह वासी गांव नवां बारेके व सतपाल सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी गांव हबीब के को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 13.8 ग्राम हेरोइन, थाना आरफके के इंस्पैक्टर बलराज सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर गौतम पुत्र रवि वासी लाल कुड़ती फिरोजपुर छावनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.51 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एस.आई अमरिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए गुलशन उर्फ गुच्छी पुत्र जसपाल सिंह वासी गांव ममदोट उताड़ को नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, 1 पन्नी हेरोइन लगी व 10 रुपए का नोट, इसी थाने के एएसआई सतिन्द्रपाल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर जसविन्द्र सिंह उर्फ जस्सा पुत्र पूर्ण सिंह वासी गांव बाले वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 65 ग्राम हेरोइन, थाना कुलगड़ी के एच.सी गुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर पप्पू पुत्र प्रेम वासी गांव बजीदपुर व भारदवाज उर्फ भारती पुत्र बरकत सिंह वासी गांव झोक हरि हर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 7.34 ग्राम हेरोइन, थाना घल्लखुर्द के एएसआई हरजिन्द्र सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दोषी सुखप्रीत सिंह उर्फ सुखा पुत्र धर्म सिंह वासी ठेठर कलां को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.32 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गशअत व चैकिंग के दौरान दाना मंडी के नजदीक से शक के अधार पर गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरबचन सिंह वासी कोहाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।



नगर परिषद प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई वाली टीम ने भगवान श्री वाल्मीकि जी के प्रकाश उत्सव संबंधी कार्यक्रमों का पोस्टर किया जारी

- सभा के चेयरमैन चमन लाल की अगुवाई वाली प्रबंधक टीम ने संगतों से बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की

डेली आवाज भारती

कुराली, संदीप अकालगढ़िया । सृष्टिकर्ता भगवान श्री वाल्मीकि जी के पावन प्रकाश उत्सव को समर्पित करवाए जाने वाले धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (सब्जी मंडी टीम) और वाल्मीकि सभा कुराली की ओर से विशेष कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया गया। समाजसेवी नेता एवं वाल्मीकि सभा के चेयरमैन चमन लाल की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के प्रधान बहादुर सिंह ओके की अगुवाई वाली समूह पार्षदों की टीम द्वारा कार्यक्रमों का पोस्टर औपचारिक रूप से जारी किया गया। इस मौके पर नगर परिषद प्रधान बहादुर सिंह ओके ने कहा कि भगवान श्री वाल्मीकि जी की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।



इस मौके पर नगर परिषद प्रधान बहादुर सिंह ओके और चमन लाल ने प्रकाश उत्सव के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार, 24 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे सब्जी मंडी से शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। इसके उपरांत रविवार, 25 अक्टूबर को सब्जी मंडी में शाम 5 बजे से देर रात तक विशाल सांस्कृतिक मेला भी करवाया जाएगा। इसमें नामवर कलाकार और कॉमेडी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके उपरांत रात 7 बजे से गुरु का लंगर अटूट बरताया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोमवार, 26 अक्टूबर को सुबह 8 बजे ज्योति प्रचंड/हवन और 11 बजे झंडे की रस्म समाजसेवक पालविंदरजीत सिंह बाठ द्वारा अदा की जाएगी। सभा के प्रधान चमन लाल और अन्य नेताओं ने बताया कि कार्यक्रमों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने समूह शहरवासियों और क्षेत्रवासियों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की। इस मौके पर रुद्र गौतम, पार्षद दिनेश गौतम, पार्षद शालू धीमान के पति हैप्पी धीमान, पार्षद प्रदीप कुमार रूड़ा, पार्षद रमाकांत कालिया, पार्षद डॉ. अश्वनी शर्मा, पार्षद जीता, पार्षद नीरज राठौर के पति बिक्रम सिंह बिक्का पडियाला आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

CMYK

page 5_Layout 1 03-10-2026 20:56 Page 1

परगट सिंह ने पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद गुरुद्वारा बंगला साहिब में टेका मत्था

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के नए अध्यक्ष बनने के बाद परगट सिंह ने शनिवार को गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में मत्था टेका। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। परगट सिंह ने लिखा, नानक नाम चढ़दी कला, तेरे भाणे सरबत दा भला। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी मिलने पर मैंने गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब में मत्था टेक कर गुरु साहिब का शुक्रिया अदा किया और सबकी भलाई के लिए अरदास की।÷ उन्होंने लिखा, गुरु साहिब कृपा करें ताकि मैं इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, विनम्रता




और पंजाब की सेवा की भावना के साथ निभा सकूं। मीडिया से बात करते हुए परगट सिंह ने कहा, ÷पंजाब गुरुओं के नाम पर बसता है और पंजाबियों ने हमेशा नफरत की राजनीति को हराया है। देश भर में जो नफरत की राजनीति की जा रही है, उसे पंजाबी कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, दूसरा, पंजाब ने ऐतिहासिक रूप से हमेशा आक्रमणकारियों और लुटेरों के खिलाफ खड़े होकर लड़ाई लड़ी है। पंजाब की मौजूदा सरकार भी मनमानी और लूटपाट कर रही है। घरों और संपत्तियों पर अवैध कब्जा तक इन लुटेरों के जरिए करवाया जा रहा है। पंजाब के खजाने का भी उसी तरह दुरुपयोग हो रहा है। मेरा मानना है कि पंजाबियों को पंजाब के लिए खड़ा होना चाहिए। जब उनसे पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, बिल्कुल भी कोई गुटबाजी नहीं है। जब भी आप पंजाब की राजनीति या पंजाब टीम पर चर्चा करना चाहें, तो आप मुझसे बात कर सकते हैं। मैं एक टीम प्लेयर हूं। सभी वरिष्ठ नेताओं का मेरे दिल में बहुत सम्मान है और हम हर फैसला सर्वसम्मति से लेंगे। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर पूछे गए सवाल पर परगट सिंह ने कहा, सभी को निमंत्रण मिलेगा और उन्हें पूरा सम्मान दिया जाएगा और हमारे आगे बैठाया जाएगा, इसलिए इस बारे में बिल्कुल भी कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को लेकर कहा, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने हमारे अध्यक्ष के रूप में लगभग चार से पांच साल तक सेवा की, कड़ी मेहनत की और अच्छा काम किया, लेकिन संगठन में भूमिकाएं एक चलती-फिरती प्रक्रिया है। कल मैं सचिव या महासचिव के रूप में सेवा कर रहा था और आज हम एक सामूहिक इकाई के रूप में काम करते हैं।

जालंधर में डेढ़ लाख कैश और सोने-चांदी के गहने लेकर फरार, परिवार वृंदावन घूमने गया था

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिनः जालंधर के उदय नगर में चोरों ने एक ऐसे घर को निशाना बनाया, जहां परिवार सिर्फ एक दिन के लिए वृंदावन दर्शन करने गया था। परिवार जब शुक्रवार दोपहर वापस लौटा तो घर के अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के कमरों और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे और सामान बुरी तरह बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान करीब 1.5 लाख रुपए कैश और 5 से 6 तोले सोने के जेवरात चोरी होने की बात सामने आई है। सोने के 2-3 सेट, बेटियों की बालियां, अंगूठियां, सोने की चेन, कड़े और चूड़ियां भी चोरी हो गईं। पीड़ित परिवार घर में ही किराने की दुकान चलाता है। संध्या ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ



वृंदावन दर्शन के लिए गई थीं। परिवार सिर्फ एक दिन के लिए घर से बाहर था। शुक्रवार दोपहर जब वे वापस लौटे तो घर का मेन गेट बंद था, लेकिन अंदर जाने पर चोरी का पता चला। घर के अंदर कमरों और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। इससे परिवार को समझ आ गया कि उनकी गैरमौजूदगी में घर में चोरी हुई है। संध्या के मुताबिक, चोरों ने घर में काफी देर तक तलाशी ली। अलमारियों में रखे कपड़े बाहर फेंक दिए गए थे। चोरों ने गद्दों को भी उठाकर उनके नीचे सामान तलाशा। इसके अलावा ड्रेसिंग टेबल के दराजों को भी तोड़कर कीमती सामान खंगाला गया।

पुलिस ने शुरू की जांच, सीसीटीवी खंगाल रहे

पुलिस ने चोरी से जुड़े साक्ष्य जुटाने के साथ आसपास के इलाके में लगे ष्टष्ठङ्क कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि परिवार के घर से बाहर जाने की जानकारी चोरों को कैसे मिली और वारदात में कितने लोग शामिल थे। फिलहाल पुलिस आसपास के रास्तों और घरों में लगे कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

लुधियाना में कार सवार की गोलियां मारकर हत्या, साथी ने भागकर बचाई अपनी जान

- एसपी (डी) स्वर्णजीत व थाना प्रभारी निर्मलजीत पहुंचे

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना के मुल्लांपर में शुक्रवार देर रात हमलावरों ने ह्व-20 कार सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात अंजाम देकर हमलावर वरना कार से फरार हो गए। मृतक की पहचान लाडी खान के रूप में हुई है, जो भुंदड़ी का रहने वाला बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दे दी है। वहीं सूचना मिलते ही एसपी (डी) स्वर्णजीत सिंह और थाना प्रभारी निर्मलजीत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।



हमले में दूसरे साथी ने भागकर बचाई जान

जानकारी के मुताबिक वरना कार में आए हमलावरों ने गांव खंजरवाल के पास i-20 कार पर गोलियां चला दीं। गोली लगने के बाद कार चला रहे लाडी खान की मौके पर ही मौत हो गई और कार बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई। साथी रोहित उर्फ बिल्ला मौके से भाग गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सीसीटीवी चेक कर रही है। आरोपियों को लोकेट करने के लिए अधिकारियों ने टीमें गठित कर दी हैं।

विधायक डॉ. निज्जर ने सुल्तानविंड में करीब 40 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली तीन नई लैब्स का नींव पत्थर रखा

विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा एवं प्रयोगात्मक प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पंजाब सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास

डेली आवाज भारती

अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) स्कूल ऑफ एमिनेंस शहीद गुरमीत सिंह सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सुल्तानविंड गांव, गुरुद्वारा अटारी साहिब के सामने, में करीब 40 लाख रुपये की लागत से तैयार की जाने वाली तीन नई लैब्स का नींव पत्थर विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर द्वारा रखा गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई लैब्स विद्यार्थियों में वैज्ञानिक



सोच विकसित करने, प्रयोग करने तथा विषयों को व्यावहारिक ढंग से समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि स्कूल ऑफ एमिनेंस का उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उच्च स्तरीय बुनियादी ढांचा और सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इन स्कूलों में आधुनिक लैब्स, स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, खेल सुविधाएं तथा अन्य आवश्यक संसाधनों का विकास किया जा रहा है। डॉ. निज्जर ने कहा कि नई लैब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता



के अनुसार विज्ञान तथा अन्य विषयों में प्रयोगात्मक शिक्षा हासिल करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी शिक्षा एवं कौशल को और निखारें। उन्होंने शिक्षकों से भी कहा कि वे विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ-साथ प्रयोगात्मक गतिविधियों, नई तकनीक और रचनात्मक सीखने के अवसर प्रदान करें, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। विधायक ने स्कूल का दौरा करते हुए स्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा भी लिया तथा स्कूल प्रबंधन को विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक प्रयास लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल मैडम गुरमीत कौर, उप जिला शिक्षा अधिकारी श्री राजेश खन्ना, स्कूल का समूचा स्टाफ, विद्यार्थी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

विधायक डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने पशु अस्पताल एवं गौशाला का किया उद्घाटन

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : अमृतसर शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान तथा उनके उपचार और उचित देखभाल के लिए नगर निगम द्वारा झब्बाल रोड पर तैयार किए गए पशु अस्पताल एवं गौशाला का आज केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अजय गुप्ता और दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर दोनों विधायकों ने पशु अस्पताल एवं गौशाला में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का जायजा भी लिया। इस अवसर पर विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शहरों में बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान के साथ-साथ पशुओं के स्वास्थ्य, उपचार और देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के कारण आम लोगों को होने वाली परेशानियों को कम करने के साथ-साथ इन पशुओं को सुरक्षित स्थान और बेहतर



देखभाल उपलब्ध करवाना भी नगर निगम की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि नगर निगम अमृतसर द्वारा झब्बाल रोड पर करीब 2 एकड़ भूमि में पशु अस्पताल एवं गौशाला तैयार की गई है।

इस सुविधा में बेसहारा पशुओं को रखने के साथ-साथ उनके उपचार के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पशुओं के उपचार के लिए एक पशु चिकित्सक नियुक्त किया गया है, जबकि पशुओं की रोजाना देखभाल और प्रबंधन के लिए स्टाफ भी तैनात किया गया है। विधायक डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा अब तक सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से करीब 60 बेसहारा पशुओं को पकड़कर इस गौशाला में स्थानांतरित किया जा चुका है। आने वाले समय में भी नगर निगम की टीमें शहर के विभिन्न इलाकों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर यहां लाएंगी।

विधायक डॉ. इंदरबीर सिंह निज्जर ने कहा कि इस गौशाला में चरणबद्ध तरीके से करीब 400 बेसहारा पशुओं की देखभाल करने की क्षमता होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं को सुरक्षित और उचित वातावरण उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शहर की गलियों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौशाला में लाया जाएगा। इससे एक ओर सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद मिलेगी, वहीं दूसरी ओर पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखकर उनकी उचित देखभाल भी की जा सकेगी। विधायकों ने कहा कि पशु अस्पताल एवं गौशाला को पशुओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। यहां पशुओं को रखने के लिए पर्याप्त स्थान, उपचार की सुविधा और स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। गौशाला के आसपास सड़कों और गलियों के निर्माण का कार्य भी करवाया जाएगा, जिससे यहां आवागमन और प्रबंधन संबंधी कार्यों को और सुचारू बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बेसहारा पशुओं की देखभाल के साथ-साथ शहरवासियों के लिए भी सुरक्षित और सुचारू वातावरण सुनिश्चित करना है।

'खेलां वतन पंजाब दियां'

200 मीटर मुकाबले में कशिश ने पहला, जपनीत कौर ने दूसरा और गुरमतप्रीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया

डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब सरकार द्वारा प्रदेशभर में करवाई जा रही खेलां वतन पंजाब दियां के तहत जिला स्तरीय खेल मुकाबले करवाए जा रहे हैं। इसके तहत आज पांचवें दिन श्री दलवीर सिंह ढिल्लों, चेयरमैन, पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन; दलजीत सिंह घराचों, सरपंच गांव घराचों एवं जिला प्रधान यूथ विंग संगरूर; श्री राजवंत सिंह घुल्ली, चेयरमैन, मार्केट कमेटी धूरी एवं अंतरराष्ट्रीय वेटरन खिलाड़ी तथा एथलेटिक्स की एशियन खिलाड़ी रशदीप कौर ने शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को नशों से दूर रहने तथा खेलों के माध्यम से अपने माता-पिता और पंजाब का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। जिला स्तरीय खेलों के दौरान हॉकी, एथलेटिक्स,





खो-खो, बैडमिंटन, किक बॉक्सिंग, बॉक्सिंग, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती, रोलर स्केटिंग, नेटबॉल और फेंसिंग के मुकाबले करवाए जा रहे हैं। यह जानकारी नवदीप सिंह, जिला खेल अधिकारी, संगरूर ने दी।

आज 03.10.2026 के परिणाम इस प्रकार रहेः रोलर स्केटिंग

अंडर-14 लड़के, इनलाइन रोड रेस-1 लैपः नवराज सिंह ने पहला, जसनूर सिंह ने दूसरा और गुरदअे ब सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 लड़कियां, इनलाइन रोड रेस-1 लैपः वनुशिका ने पहला, हरनीत कौर ने दूसरा और गुरसपरश ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 लड़के, इनलाइन रोड रेस-1 लैपः गुरप्रीत सिंह ने पहला, हरधन सिंह ने दूसरा और अभीजोत सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 लड़के, क्राड्स रोड रेस-1, 2000 मीटरः रेहान गर्ग ने पहला, दिलप्रीत सिंह ने दूसरा और ईमान सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया।

एथलेटिक्स

अंडर-17 लड़कियां, 200 मीटरः कशिश ने पहला, जपनीत कौर ने दूसरा और गुरमतप्रीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने विभिन्न अनाज मंडियों में धान की खरीद का लिया जायजा



डेली आवाज भारती

अमृतसर/के.एस. बेदी :विधानसभा क्षेत्र अजनाला से विधायक स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज हलके की विभिन्न अनाज मंडियों में धान की खरीद का जायजा लिया। उन्होंने अनाज मंडी सुधार, अवाण, गग्गोमाहल, चमियारी, चक्क सिकंदर और खतराए कलां का दौरा कर खरीद प्रबंधों का निरीक्षण किया तथा मंडियों में धान लेकर पहुंचे किसानों से बातचीत की। इस अवसर पर विधायक धालीवाल ने किसानों को धान की फसल की मंडियों में आमद के लिए बधाई देते हुए कहा कि पंजाब सरकार द्वारा धान की निर्बाध और सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए मंडियों में पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल का एक-एक दाना सरकारी भाव पर खरीदा जाएगा तथा फसल की अदायगी समय पर और पारदर्शी ढंग से की जाएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए। उन्होंने कहा कि किसान की फसल की खरीद के बाद 24 घंटे के भीतर अदायगी सुनिश्चित की जाए तथा खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। विधायक धालीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार किसानों की भलाई और उनकी फसल की निर्बाध खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं और उचित प्रबंध किए गए हैं तथा खरीद सीजन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर मंडी बोर्ड और विभिन्न खरीद एजेंसियों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित थे।

एमसीए की अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई, वार्ड नंबर 63 और 67 में चार डेयरियों पर कार्रवाई

पशुओं को जब्त कर गौशाला में भेजा गया; हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में डेयरी संचालकों को नगर निगम की सीमा से बाहर पशु ले जाने की चेतावनी

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी : माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए नगर निगम अमृतसर (एमसीए) द्वारा शहर की सीमा में चल रही अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। नगर निगम कमिश्नर श्री बिक्रमजीत सिंह शेरगिल (आईएएस) तथा अतिरिक्त कमिश्नर डॉ. जय इंदर सिंह के दिशा-निर्देशों के तहत आज सेंट्रल ज़ोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 63 और 67, विशेषकर वड़ा हरी पुरा तथा शिव नगर कॉलोनी में संयुक्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान चार अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा वहां मौजूद पशुओं को जब्त करके गौशाला में स्थानांतरित किया गया। यह संयुक्त अभियान ड्यूटी मजिस्ट्रेट श्री अंगद सिंह की उपस्थिति में चलाया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग के सेंट्रल ज़ोन की



टीम, कैटल इंपाउंडिंग टीम तथा नगर निगम पुलिस बल ने भाग लिया। कार्रवाई के दौरान कुछ पशु डेयरी संचालकों द्वारा कड़ा विरोध किया गया, लेकिन नगर निगम की टीम ने अपना अभियान जारी रखते हुए निर्धारित कार्रवाई को अंजाम दिया।

नगर निगम ने स्पष्ट किया कि माननीय हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में शहर के भीतर चल रही अवैध पशु डेयरियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। निगम की ओर से सभी पशु डेयरी संचालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं को स्थायी रूप से नगर निगम की सीमा से बाहर ले जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कानूनी एवं प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके। नगर निगम ने चेतावनी दी कि यदि डेयरी संचालकों द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन नहीं किया गया और पशुओं को नगर निगम की सीमा से बाहर नहीं ले जाया गया, तो आने वाले दिनों में उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एमसीए ने सभी डेयरी संचालकों से अपील की है कि वे माननीय हाईकोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए प्रशासन का सहयोग करें और कार्रवाई की प्रतीक्षा करने के बजाय स्वेच्छा से अपने पशुओं को नगर निगम की सीमा से बाहर स्थानांतरित करें। इस कार्रवाई के दौरान श्री रविंदर कुमार, श्री रविंदरजीत सिंह राणा, सैनिटरी इंस्पेक्टर, सुपरवाइज़र स्टाफ तथा संबंधित विभागों के अन्य कर्मचारी भी

पत्रकार हरदेवन शर्मा के भाई स्व. हेम चंद जी के गरुड़ पुराण पाठ के भोग एवं रस्म पगड़ी आज



कुराली, संदीप अकालगढ़िया। कुराली के पत्रकार हरदेवन शर्मा के भाई स्व. हेम चंद जी, जो 22 सितंबर 2026 को अपनी अंतिम यात्रा पूरी करते हुए प्रभु चरणों में जा विराजे थे, उनकी आत्मिक शांति के लिए करवाए गए गरुड़ पुराण पाठ के भोग एवं रस्म पगड़ी आज 4 अक्टूबर को होगी। स्व. हेम चंद जी की याद में गरुड़ पुराण पाठ के भोग एवं रस्म पगड़ी दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक श्री दुर्गा शिव शक्ति मंदिर, सिविल अस्पताल के पीछे, कुराली, जिला मोहाली में होगी। इस मौके पर गरुड़ पुराण पाठ के भोग के उपरांत रस्म पगड़ी की रस्म अदा की जाएगी। परिवार की ओर से सगे-संबंधियों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं स्नेहियों से इस मौके पर पहुंचकर स्व. हेम चंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा परिवार के साथ दुख साझा करने की अपील की गई है।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाषः प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 03-10-2026 16:24 Page 1

'100 साल बाद भी कोई मुझे याद रखे तो...', जैस्मिन सैंडलस ने बताई दिल की ख्वाहिश



रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद से सिंगर जैस्मिन सैंडलस लगातार चर्चा में है। इस बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि वह प्यार के एहसासों पर कई गाने बनाना चाहती हैं। उनकी ख्वाहिश है कि लोग उन्हें इसी वजह से याद रखें। दरअसल, जैस्मिन ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह वाइट कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। वह कैमरे के सामने अलग-अलग पोज देती दिखाई दे रही हैं। इस तस्वीरों को शेयर करते हुए जैस्मिन ने लिखा, 'मैं प्यार पर 100 गाने गाना चाहती हूं और अगर 100 साल बाद भी कोई मुझे याद रखता है तो मैं चाहती हूं कि मुझे उस लड़की के तौर पर याद किया जाए, जिसने प्यार के बारे में गाया।' इससे पहले जैस्मिन ने अपने चल रहे 'द ड्रीम गर्ल टूर' से जुड़ा एक खास पल भी शेयर किया। उन्होंने बेंगलुरु में हुए अपने कॉन्सर्ट का एक वीडियो पोस्ट किया और इसे अपने टूर के सबसे पसंदीदा पलों में से एक बताया। जैस्मिन ने अपने पोस्ट में लिखा था, 'यह पल शानदार था। यह 'द ड्रीम गर्ल टूर' के मेरे सबसे पसंदीदा पलों में से एक है। यह कॉन्सर्ट बेंगलुरु में हुआ था। मुझे प्रोफेशनल रिकॉर्डिंग के बजाय फैंस की तरफ से बनाए गए वीडियो ज्यादा पसंद हैं। ऑडियंस के बीच से बनाए गए इन वीडियो में मुझे लोगों को साथ गाते हुए सुनने और उनकी भावनाओं को महसूस करने का मौका मिलता है।' जैस्मिन अपनी अलग आवाज और पंजाबी के साथ-साथ बॉलीवुड म्यूजिक में अपने हिट गानों के लिए जानी जाती हैं। 'किक' का 'यार ना मिले', गैरी संधू के साथ 'इल्लीगल वेपन' और 'इल्लीगल वेपन 2.0', 'पट लै गया' और 'धुरंधर- द रिवेंज' का 'जाइए सजना' जैसे गाने उनके हिट लिस्ट में शामिल हैं।

यामी गौतम ने 'नई नवेली' की रिलीज से पहले पटना साहिब गुरुद्वारे में लिया आशीर्वाद





बॉलीवुड एक्ट्रेस यामी गौतम धर ने अपनी फिल्म 'नई नवेली' की रिलीज से पहले पटना साहिब गुरुद्वारे में आशीर्वाद लिया। यह फिल्म 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। फैंस से मिलने और प्रोमो की सफलता का जश्न मनाने के लिए पटना पहुंचीं यामी का जोरदार स्वागत हुआ। ढोल की थाप पर भीड़ उमड़ पड़ी। उन्होंने पटना साहिब में शांति के कुछ पल बिताए, आभार जताते हुए सिर झुकाया और फिल्म की सफलता के लिए ईश्वर का आशीर्वाद मांगा। पटना में अपनी यात्रा के दौरान यामी ने फैंस से सेट पर अपने पहले दिन के बारे में बात की। दमदार गाने भाभी तबाही की शूटिंग के बारे में उन्होंने बताया कि कैसे फिल्म के शेड्यूल की शुरुआत में ही उन्हें एक ज़बरदस्त डांस चैलेंज का सामना करना पड़ा था। यामी ने बताया कि उन्हें छह बिल्कुल अलग-अलग तरह के डांस स्टाइल करने थे, जिनमें जोश भरे भांगड़ा स्टेप्स से लेकर पूरा मूनवॉक तक शामिल था। उन्होंने याद किया कि कैसे डायरेक्टर बालाजी मोहन ने पहले ही दिन उनसे हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि जो भी आपको ठीक लगे वो करो, बस थोड़ा सा मूनवॉक भी कर लेना! इससे वह हैरान रह गईं, लेकिन उन्हें इस चुनौती को पूरा करने में बहुत मजा आया। पिछले महीने ‘नई नवेली’ फिल्म के रिलीज हुए ट्रेलर में एक नई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है। उसके आने से मेरठ के एक अशांत घर में खुशहाली और शांति आ जाती है, लेकिन तभी उसके देवर को शक होने लगता है कि उसकी एकदम सही लगने वाली भाभी असल में एक ‘डायन’ है। इस फिल्म को फैमिली कॉमेडी और फैंटेसी एडवेंचर का मिला-जुला रूप बताया जा रहा है। यह फिल्म तमिल फिल्ममेकर बालाजी मोहन का बॉलीवुड में डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू भी है। हिमांशु शर्मा व दिव्य निधि शर्मा द्वारा लिखी गई इस फिल्म को आनंद एल राय और हिमांशु शर्मा ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दशहरा से पहले 16 अक्टूबर को रिलीज होगी।

77 साल के हुए निर्देशक जेपी दत्ता

बेटी निधि और सुनील शेट्टी ने दी जन्मदिन की बधाई

फिल्म निर्देशक और निर्माता जेपी दत्ता शनिवार को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उनकी बेटी निधि दत्ता ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उनके साथ अपने गहरे जुड़ाव पर भी बात की। निधि दत्ता ने इंस्टाग्राम पर अपने पिता के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें बचपन से लेकर अब तक के उनके साथ बिताए गए सभी यादगार पल शामिल हैं। उन्होंने लिखा, पापा आपको 77वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप मेरी सबसे बड़ी कमजोरी और ताकत दोनों हैं। उन्होंने आगे लिखा, दुनिया के लिए आप एक लीजेंड हैं, लेकिन मेरे लिए आप ही मेरा पूरा दिल, सुरक्षित जगह, सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं, हर पल मेरे साथ हैं और मेरे होने की पूरी वजह हैं। मैं जो कुछ भी हूं, उसमें थोड़ा-बहुत आप ही हैं। आपको



'आई लव यू' कहना भी कम लगता है। निधि दत्ता की इस पोस्ट पर अभिनेता नील नितिन मुकेश समेत कई सेलेब्स ने रिएक्ट करते हुए जेपी दत्ता को जन्मदिन की बधाई दी। अभिनेता सुनील शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम पर जेपी दत्ता के साथ फिल्म 'बॉर्डर' के सेट की तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में अभिनेता फौजी की वर्दी में नजर आ रहे हैं, जबकि जेपी दत्ता उनके साथ बैठे हैं। अभिनेता ने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, कुछ रिश्ते इतने गहरे होते हैं कि उन्हें शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मेरी जिंदगी के सफर में जो भी खास है, उसमें आपकी छाप है। जन्मदिन की शुभकामनाएं जेपी सर। हमेशा आभारी रहूंगा। प्यार और गहरा सम्मान, हमेशा। जेपी दत्ता 'बॉर्डर', 'रिफ्यूजी' और 'एलओसी कारगिल' जैसी बेहतरीन देशभक्ति और युद्ध पर आधारित फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, जिसमें सुनील शेट्टी ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

संध्याः अभिनय और समर्पण की मिसाल एक्ट्रेस ने सीन में जान डालने के लिए की थी असली शेरों के साथ शूटिंग

27 सितंबर 1938 को कोच्चि में जन्मीं विजया देशमुख (संध्या) का परिवार थिएटर की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखता था, जिसने उनके भीतर कला के बीज बोए। बेहतर करियर अवसरों की तलाश में वह अपनी बहन वत्सला देशमुख के साथ बंबई (अब मुंबई) आ गई। उनका सिनेमाई सफर तब शुरू हुआ, जब उन्होंने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता वी. शांताराम की मराठी फिल्म 'अमर भूपाली' (1951) के लिए एक समाचार पत्र के विज्ञापन का जवाब दिया। ऑडिशन के दौरान शांताराम उनकी विशिष्ट आवाज से बेहद प्रभावित हुए, जो उनकी दूसरी पत्नी और प्रसिद्ध अभिनेत्री जयश्री से काफी मिलती-जुलती थी। इसी फिल्म के साथ विजया को उनका नया सिनेमाई नाम 'संध्या' मिला। फिल्म में उन्होंने 'गुणवती' का किरदार निभाया और यह संगीतमय कृति इतनी कलात्मक रूप से सफल रही कि इसे 1952 के कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रतिष्ठित 'पाल्मे डी ओर' के लिए नामांकित किया गया। संध्या अपने करियर की शुरुआत में कोई प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना नहीं थीं। इसके बावजूद 1955 की रंगीन फिल्म 'झनक झनक पायल बाजे' के लिए उन्होंने मशहूर नर्तक गोपी कृष्ण के साथ तालमेल बिठाने के लिए महीनों तक प्रशिक्षण लिया। इस फिल्म में 'नीला' के रूप में उनका शिव तांडव



और भावपूर्ण प्रदर्शन उनके असाधारण परिश्रम का प्रमाण है। 1955 में हिंदी फिल्म झनक झनक पायल बाजे को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' (1957) में उन्होंने 'चंपा' नामक एक खिलौने बेचने वाली महिला की भूमिका निभाई। यह फिल्म इतनी प्रभावशाली थी कि इसे बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सिल्वर बियर और हॉलीवुड फॉरेन प्रेस द्वारा सैमुअल गोल्डविन अवार्ड (गोल्डन ग्लोब) से सम्मानित किया गया। इस फिल्म के गीत 'सैयां झूठों का बड़ा सरताज निकला' में सिर पर टोकरी का संतुलन, हाथ में 'रावणहत्था' वाद्ययंत्र और चलते हुए जटिल भाव-भंगिमाएं उनके मल्टीटास्किंग कौशल को दर्शाती हैं।

सिनेमा के प्रति उनका जुनून केवल नृत्य मुद्राओं तक सीमित नहीं था। 1961 में आई फिल्म 'स्त्री' में उन्होंने वास्तविक शेरों के साथ अभिनय करने के लिए शेर प्रशिक्षकों के साथ रहकर उनकी गतिविधियों को समझा और बिना किसी 'बॉडी डबल' के खतरनाक दृश्य फिल्माए। लगभग 40 वर्ष की आयु में उन्होंने 'चंद्रकला' नामक एक तमाशा नर्तकी की चुनौतीपूर्ण और बोल्ड भूमिका निभाई, जो एक आदर्शवादी स्कूल मास्टर के पतन का कारण बनती है। इस फिल्म ने महाराष्ट्र के पारंपरिक 'लावणी' लोक नृत्य को अभूतपूर्व सम्मान और मुख्यधारा के दर्शकों तक पहुंचाया। गीत 'मला लागली कुणाची उचकी' ने सांस्कृतिक परिदृश्य को बदल दिया और इस प्रदर्शन के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर (मराठी) पुरस्कार मिला। 1975 में 'चंदनाची चोली अंग अंग जाली' के लिए उन्हें पुनः यह पुरस्कार मिला। संध्या और वी. शांताराम का विवाह 22 दिसंबर 1956 को हुआ था।

CMYK

page 7_Layout 1 03-10-2026 15:50 Page 1

मतभेदों के कारण ज्20 में किसी अंतिम दस्तावेज पर सहमति नहीं बन पाई : पीयूष गोयल

शिकागो/नई दिल्ली । वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि कुछ देशों के बीच मतभेदों के कारण जी20 उद्योग मंत्रियों की मिल्वौकी में हुई बैठक में किसी अंतिम दस्तावेज पर सहमति नहीं बन पाई। हालांकि, उन्होंने बातचीत को सार्थक बताया और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहमति वाले क्षेत्रों की ओर भी इशारा किया। मिल्वौकी में जी20 उद्योग मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के बाद शिकागो में अमेरिकी भारतीय समुदाय फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि मंत्रियों ने जबरन मजदूरी, वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के भविष्य और मैन्युफैक्चरिंग पर सरकार से मदद पाने वाली बड़ी प्रोडक्शन क्षमताओं के असर पर चर्चा की। गोयल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ बातचीत के दौरान कहा, हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई। मुझे लगता है कि बातचीत का यह दौर बहुत फायदेमंद रहा। उन्होंने कहा, बेशक, कुछ दूसरे देशों के साथ मतभेदों के कारण, वे कोई नतीजा बताने वाला दस्तावेज (आउटकम डॉक्यूमेंट) तैयार नहीं कर पाए। हालांकि गोयल ने उन देशों का नाम नहीं बताया जिनकी वजह से मतभेद हुए और न ही उन मुद्दों के बारे में साफ तौर पर बताया जिनकी वजह से किसी नतीजे वाले दस्तावेज पर सहमति नहीं बन पाई।

नशीले पदार्थों की तस्करी के सरगना नवप्रीत सिंह का प्रत्यर्पण, केंद्रीय गृह मंत्री ने बताया- 'मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि'

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने नशीले पदार्थों की तस्करी के सरगना नवप्रीत सिंह को तुर्किए से वापस लाने में कामयाबी हासिल की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि भारत सरकार ने कथित नार्को-ट्रैफिकिंग सरगना नवप्रीत सिंह को तुर्किए से भारत वापस लाने में कामयाबी हासिल की है, ताकि उस पर ड्रग्स की तस्करी और अन्य अपराधों से जुड़े मामलों में कार्रवाई की जा सके। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷मोदी सरकार ने तुर्किए से कुख्यात ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह को डिपोर्ट करवाकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नवाब विर्क की फर्जी पहचान का इस्तेमाल करके तुर्किए की नागरिकता लेने के बाद भी, वह अफगानिस्तान से भारत में हेरोइन और मेथामफेटामाइन की तस्करी करता रहा था। उन्होंने आगे कहा, ÷हमारी एजेंसियों ने उसका पता लगाया, उसकी असली पहचान का खुलासा किया और उसे डिपोर्ट करवाया। आज उसे भारत वापस लाया गया है और ड्रग तस्करी व अन्य अपराधों के मामलों में जेल भेज दिया गया है। इस सफलता के लिए सभी एजेंसियों को बधाई। मोदी सरकार दिसंबर 2029 से पहले हर ड्रग-कार्टेल को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।÷

इससे पहले अप्रैल में मोस्ट वांटेड गैंगस्टर और आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के करीबी सहयोगी और ड्रग तस्करी के संदिग्ध मोहम्मद सलीम डोला को तुर्किए से भारत वापस लाया गया था।

उस समय केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा था कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को डोला को तुर्किए से वापस लाने में बड़ी कामयाबी मिली है। डोला की गिरफ्तारी ड्रग्स से जुड़े भगोड़ों और संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्यों को कानून के दायरे में लाने के सरकार के संकल्प को दिखाती है। मई में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के साथ मिलकर अजरबैजान से भगोड़े प्रभदीप सिंह को प्रत्यर्पित कराया था। यह मामला 358 किलोग्राम हेरोइन की बरामदगी से जुड़े ड्रग्स के एक बड़े केस से संबंधित था। पुलिस ने बताया कि 2023 से फरार चल रहे प्रभदीप को प्रत्यर्पण की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद स्पेशल सेल की तीन सदस्यीय टीम बाकू से भारत वापस लाई थी। भारत और तुर्किए ने 2001 में प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो जून 2002 में लागू हुई। यह समझौता दोनों देशों को आतंकवाद और अन्य गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित भगोड़ों के हस्तांतरण की मांग करने की अनुमति देता है। पिछले मामलों में तुर्किए ने चरमपंथी नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों, जिनमें संदिग्ध इस्लामिक स्टेट ऑपरेटिव भी शामिल हैं, को निर्वासित करने में भारत की सहायता की है। ऐसे मामलों में अक्सर इंटरपोल के माध्यम से रेड कॉर्नर नोटिस और अन्य स्थापित प्रक्रियाओं का उपयोग करके समन्वय किया जाता है।

सपा के पीडीए के समानांतर कांग्रेस का अपना सामाजिक विस्तार

डेली आवाज भारती



लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने प्रदेश संगठन में बदलाव के साथ सामाजिक समीकरण को साधने का दांव चला है। आराधना मिश्रा %मोना% को प्रदेश अध्यक्ष, इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष और देवेंद्र निषाद तथा आलोक प्रसाद को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाकर पार्टी ने ब्राह्मण, महिला, मुस्लिम, ओबीसी और दलित प्रतिनिधित्व को एक साथ साधने की कोशिश की है। कांग्रेस की नई टीम को समाजवादी पार्टी के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समीकरण के समानांतर अपना व्यापक सामाजिक आधार तैयार करने और गठबंधन की राजनीति में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस के इस संगठनात्मक बदलाव में सबसे बड़ा संदेश आराधना मिश्रा %मोना% की प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर नियुक्ति से गया है। प्रतापगढ़ की रामपुर खास सीट से तीन बार की विधायक मोना वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी की बेटी हैं। वह 2019 से उत्तर प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल की नेता थीं। अब उन्हें प्रदेश संगठन की कमान सौंपकर पार्टी ने एक ब्राह्मण और महिला चेहरे को राज्य स्तर पर आगे किया है। आराधना मिश्रा मोना की नियुक्ति के साथ कांग्रेस ने करीब डेढ़ दशक बाद प्रदेश संगठन की कमान किसी महिला को सौंपी है। इससे पहले रीता बहुगुणा जोशी 2007 से 2012 तक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रही थीं। राजनीतिक रूप से मोना की नियुक्ति का एक और पहलू समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस के रिश्तों से जुड़ा है। 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों दल गठबंधन की राजनीति के रास्ते पर हैं, लेकिन सीट बंटवारे और राजनीतिक हिस्सेदारी को लेकर आने वाले समय में बातचीत महत्वपूर्ण होगी। ऐसे में कांग्रेस ने प्रदेश संगठन की कमान ऐसे चेहरे को दी है, जिसकी सपा नेतृत्व के साथ राजनीतिक संवाद की गुंजाइश को लेकर चर्चा होती रही है। हालिया राजनीतिक विश्लेषणों में भी आराधना मिश्रा मोना की नियुक्ति को सपा के साथ समन्वय के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया गया है।

दिल्ली में सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन पर 3 एफआईआर, संसद मार्ग और कनॉट प्लेस थाने में केस दर्ज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ दिल्ली में हुए प्रदर्शन के मामले में दिल्ली पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं। ये मामले प्रदर्शनकारियों द्वारा निषेधाज्ञा के बावजूद जुटने और प्रदर्शन करने के आरोपों से जुड़े हैं। दो एफआईआर संसद मार्ग थाने में, जबकि एक एफआईआर कनॉट प्लेस थाने में दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, संसद मार्ग थाने में दर्ज दोनों एफआईआर में बीएनएस की धारा 223(ए), 221, 132 और 3(5) लगाई गई हैं। वहीं, कनॉट प्लेस थाने में दर्ज तीसरी एफआईआर में बीएनएस की धारा 223, 221, 132 और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन मामलों की जांच की जा रही है। ये एफआईआर 2 अक्टूबर को जंतर-मंतर के आसपास हुए उस प्रदर्शन के बाद दर्ज की गई हैं, जिसमें कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वाम दलों, छात्र संगठनों और सिविल सोसाइटी से जुड़े लोगों ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की थी। पुलिस ने प्रदर्शन से पहले नई दिल्ली जिले में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की थी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर की ओर जुटने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एफआईआर पुलिस की दैनिक डायरी में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर दर्ज की गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार, एफआईआर में फिलहाल किसी व्यक्ति या संगठन को आरोपी के तौर पर नामित नहीं किया गया है, हालांकि प्रदर्शन के आयोजकों और इसमें शामिल संगठनों का उल्लेख किया गया है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों को हिरासत में लिया गया था। पुलिस के अनुसार, जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों से करीब 750 लोगों को हिरासत में लिया गया, जबकि दिल्ली के अन्य हिस्सों से भी लोगों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। विपक्षी दलों और विभिन्न संगठनों का यह प्रदर्शन निर्वाचन आयोग की ओर से कराए जा रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर था। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।

राजौरी में 17 साल की लड़की ने पार की एलओसी, भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंपा

डेली आवाज भारती



राजौरी । राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने के बाद, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की एक 17 साल की लड़की को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना ने पीओजेके की एक 17 साल की लड़की को तब पकड़ा, जब वह एलओसी पार करके राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में आ गई थी। लाम सेक्टर में तैनात सेना के जवानों ने रूटीन निगरानी के दौरान एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखी। इसके बाद जवानों ने लड़की को रोका और शुरुआती पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पकड़ी गई नाबालिग की पहचान पीओजेके के खुइरेटा निवासी मोहम्मद अजीम की बेटी एस. अजीम के तौर पर हुई है। शुरुआती पूछताछ के बाद, सेना के जवानों ने उसे आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। अभी नौशेरा पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। शुरुआती पूछताछ के दौरान, लड़की ने कहा कि वह अनजाने में एलओसी पार करके भारतीय इलाके में आ गई थी। अधिकारी घटना से जुड़ी परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं। आगे की जानकारी का इंतजार है। जम्मू-कश्मीर में जो लोग अनजाने में एलओसी पार कर जाते हैं, उन्हें अक्सर भारतीय सेना पकड़ लेती है। पहचान और बैकग्राउंड की जांच के लिए उन्हें स्थानीय पुलिस को सौंपा जाता है और जांच में यह पुष्टि होने के बाद कि वे गलती से आए थे, उन्हें निर्धारित क्रॉसिंग पॉइंट के जरिए पाकिस्तान वापस भेज दिया जाता है। एलओसी पर तैनात जवान निगरानी नेटवर्क का इस्तेमाल करके क्रॉसिंग का पता लगाते हैं और ऐसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयम बरतते हैं। उस व्यक्ति को हिरासत में लिया जाता है, भारतीय सेना शुरुआती पूछताछ करती है, और फिर उसे स्थानीय पुलिस या सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया जाता है ताकि यह पता चल सके कि घुसपैठ अनजाने में हुई थी या भारत में आने के पीछे कोई गलत मकसद था। इसके बाद भारतीय सेना तय हॉटलाइन और फ्लैग मीटिंग के जरिए पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों से संपर्क करती है।

नगर निगम चुनाव में गड़बड़ी करने वाले पार्षद अनिल मसीह पर कार्रवाई न होने से कांग्रेस खफा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा ने अनिल मसीह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की निंदा के बावजूद ढाई साल से कोई कार्रवाई न होने की कड़ी निंदा की है। अनिल मसीह चंडीगढ़ नगर निगम के नामित पार्द हैं। 30 जनवरी 2024 को मेयर चुनाव में उन्होंने सीसीटीवी पर साफ दिखने वाले तरीके से कांग्रेस-आप के संयुक्त उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ बैलट पेपर जानबूझकर खराब कर दिए थे। मसीह ने यह दुस्साहस भाजपा के कहने पर भाजपाई उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव चुराने के लिए किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इस अवैध नतीजे को रद्द कर सही विजेता घोषित किया। कोर्ट ने मसीह के इस काम को गंभीर अपराध बताया। साथ ही कोर्ट ने झूठा बयान देने पर धारा 340 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू की और नगर निगम अधिनियम के तहत भी सजा का रास्ता खोला। राजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि 2024 की शुरुआत में चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने और सुप्रीम कोर्ट के साफ आदेशों के बावजूद न तो अदालत ने और न ही किसी एजेंसी ने कोई कार्रवाई की। हाल ही की ऑडिट रिपोर्ट में भी इस देरी पर सवाल उठाया गया है। रिपोर्ट में पूछा गया है कि नगर निगम अधिनियम की धारा 33 के तहत कार्रवाई क्यों नहीं हुई और दोषी पाए गए पार्षद को पद पर क्यों रखा जा रहा है। नगर निगम का जवाब कि मामला ऊपरी अधिकारियों के पास लंबित है, साफ दिखाता है कि बीजेपी नियंत्रित व्यवस्था जानबूझकर मसीह को बचा रही है। इसके अलावा मसीह को दिए गए भत्तों ओर दूसरी सुविधाओं के चलते जो नगर निगम का नुकसान हुआ है,

इक हसीन शाम को दिल मेरा खो गया...कार्यक्रम रविवार को



डेली आवाज भारती

श्रीगंगानगर अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में कल रविवार शाम स्थानीय जस्सासिंह मार्ग पर स्थित लोहिया फार्म हाउस में 'इक हसीन शाम को दिल मेरा खो गयाज' का भव्य आयोजन होगा। रावलपिंडी ज्वेलर्स के प्रायोजन में होने वाले इस कार्यक्रम में कैटवॉक, फैशन शो, लाइव सोलो एवं डुएट गायन, क्विज एवं लकी ड्रा और ड्रोनग्राफी मुख्य आकर्षण रहेंगे। वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष विमल बिहानी ने बताया कि आयोजन स्थल पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और ड्रोनग्राफी की अलग व्यवस्था रहेगी। मनमोहक संगीत पूरे कार्यक्रम को यादगार बनाने का काम करेगा। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण भव्य कैटवॉक रहेगा। निफड द्वारा फैशन शो प्रस्तुत किया जाएगा। मंच पर क्विज प्रतियोगिता और तीन लक्की ड्रॉ भी रखे गए हैं। गायन प्रस्तुतियों में सुनिधि, पुष्पा-आकाश, हरीश अरोड़ा- रश्मि, रजनी सक्सेना - गुरमुखसिंह शामिल होंगे।

नायरा एनर्जी ने पेट्रोल का दाम 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 3 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली । निजी ईंधन कंपनी नायरा एनर्जी ने देशभर में फैले अपने नेटवर्क पर पेट्रोल में 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी शनिवार से लागू की है। इसकी वजह कच्चे तेल की कीमतों में तेजी होना है। यह जानकारी इंडस्ट्री के सूत्रों की ओर से दी गई। नई कीमतों के जरिए नायरा एनर्जी की कोशिश बढ़ी हुई लागत और बिक्री मूल्य में अंतर को कम करना है। मौजूदा दौर में कच्चे तेल की कीमतों के ऊपर जाने के कारण पेट्रोल और डीजल की लागत तेजी से बढ़ी है। देश में 7,000 से ज्यादा पेट्रोल पंप चलाने वाली नायरा एनर्जी की ओर से इस साल दूसरी बार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की है। इससे पहले मार्च में, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति में रुकावट आने पर कंपनी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाई थीं, लेकिन जुलाई में कच्चे तेल की कीमतें कम होने पर यह बढ़ोतरी वापस ले ली थी। कीमतों में यह ताजा बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है जब सरकारी तेल वितरक कंपनियां, जो भारत के 1,04,000 से ज्यादा पेट्रोल पंपों में से 90 प्रतिशत से ज्यादा का संचालन करते हैं, ने ग्लोबल क्रूड मार्केट में उतार-चढ़ाव के बावजूद रिटेल कीमतों को काफी हद तक स्थिर रखा है। इस हफ्ते की शुरुआत में, सरकार ने कहा था कि निजी ईंधन विक्रेताओं को पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर रोक नहीं लगानी चाहिए। इसके अलावा, सरकारी कंपनियों ने एक अक्टूबर से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में 62.50 रुपए का इजाफा किया था। हालांकि, घरेलू एलपीजी की कीमतों को 942 रुपए पर स्थिर रखा था। साथ ही, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में भी 16 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमतें 121 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 137 रुपए प्रति लीटर हो गई है।

खादी रैली, शपथ ग्रहण, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिताओं में सैकड़ों विद्यार्थियों ने लिया भाग

डेली आवाज भारती



बानसूर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के उपलक्ष्य में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) से प्रमाणित स्वावलंबी खादी महिला समृद्धि फाउंडेशन, बानसूर के परिसर में आयोजित सेवा संकल्प महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम खादी महोत्सव 2026 ङ्क नए भारत की नई खादी रही। इस अवसर पर खादी रैली, स्वदेशी प्रतिज्ञा, चित्रकला प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्कूली एवं कॉलेज के विद्यार्थियों तथा युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खादी रैली के दौरान विद्यार्थियों एवं युवाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, के विचारों, आदर्शों और संदेशों को पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से प्रदर्शित किया। रैली के माध्यम से स्वदेशी, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय एकता और खादी के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के Vocal for Local' तथा My Khadi, My Pride के संदेशों के अनुरूप स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी खादी को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने खादी को अपनाने, स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज गोयल के मार्गदर्शन में आयोजित इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, खादी के उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

प्रदेश में महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई अनेक योजनाएं : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

डेली आवाज भारती



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं समाज का अभिन्न हिस्सा ही नहीं बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार हैं। महिलाओं का सम्मान और सशक्तीकरण किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में हमेशा से नारी शक्ति का सम्मान रहा है और यहां तो कहा भी गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को यूनिवर्सिटी कॉमर्स कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे यहां शक्ति, ज्ञान और समृद्धि की प्रतीक मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के रूप में नारी शक्ति की पूजा की जाती है। भारत का इतिहास महिलाओं के साहस, वीरता, त्याग और बलिदान की अनगिनत गाथाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति की सफलता की कहानियों में संघर्ष, साहस, आत्मविश्वास और संकल्प की वह शक्ति दिखाई देती है, जो किसी भी समाज में बे ा बदलाव ला सकती है। उन्होंने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के कुशल प्रशासन, न्याय-परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान, आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा का दीप जलाता है। वहीं, सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जलाई, उसका प्रकाश आज देश के कोने-कोने को आलोकित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की अनेक नारियों ने त्याग, समर्पण, भक्ति और बलिदान की मिसाल कायम की हैं। भक्त शिरोमणि मीराबाई ने कृष्ण-भक्ति और आध्यात्मिक साधना से राजस्थान की धरती को गौरवान्वित किया और पन्नाधाय ने अपने पुत्र का बलिदान देकर स्वामीभक्ति एवं कर्तव्यनिष्ठा का दुर्लभ उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, हो ी रानी ने मातृभूमि की रक्षा और अपने कर्तव्य के लिए अद्वितीय साहस और बलिदान का परिचय दिया तथा वीर बाला कालीबाई ने अपने गुरु की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देकर गुरु भक्ति की अमर गाथा लिखी। उन्होंने कहा कि अमृता देवी ने प्रकृति और वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल कायम की।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्- द्र मोदी कहते हैं कि माताएं, बहनें और बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल से मां भारती का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में नई सोच और संकल्प के साथ अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को आसान बनाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में महिलाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा मिल रही है तथा लखपति दीदी योजना ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। वहीं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के स्वास्थ्य में अहम भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को नेतृत्व का अवसर प्रदान करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी महत्वपूर्ण पहल की गई।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले पौने तीन साल में महिलाओं के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की राशि 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये की गई है। मा वाउचर योजना के तहत सोनोग्राफी के लिए 5 लाख 74 हजार कूपन जारी किए जा चुके हैं तथा पात्र परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रहे हैं।

CMYK

page 8_Layout 1 03-10-2026 20:57 Page 1

ट्राइडेंट ग्रुप ने मनाया वैल्यूज़ डे, 200 से अधिक कर्मचारियों को किया सम्मानित

ईमानदारी, निष्ठा, टीम भावना और निरंतर विकास के मूल्यों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प







डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/ पंजाब (हेमन्त मित्तल) ट्राइडेंट ग्रुप की ओर से शुक्रवार, 2 अक्टूबर को पंजाब और मध्य प्रदेश स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों में वार्षिक वैल्यूज डे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के मूल मूल्यों ईमानदारी एवं निष्ठा, टीम भावना, ग्राहक संतुष्टि तथा निरंतर विकास को अपने कार्य और व्यवहार में उतारने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। वैल्यूज डे ट्राइडेंट परिवार के लिए विशेष भावनात्मक महत्व रखता है।

यह दिन ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता के पूज्य पिता श्री नोहर चंद गुप्ता की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जो ट्राइडेंट की कार्य संस्कृति और विकास यात्रा का आधार रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रज्वलन को ज्ञान, एकता और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके बाद पुरस्कार एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में 200 से अधिक कर्मचारियों को उनके समर्पण, बेहतर कार्य प्रदर्शन और संगठन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। ट्राइडेंट परिवार को संबोधित करते हुए चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता ने संगठन के निर्माण और उसे मजबूत एवं टिकाऊ बनाने में मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को बधाई दी और उनकी मेहनत एवं योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान कर्मचारियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। इन प्रस्तुतियों में कर्मचारियों की रचनात्मकता, उत्साह और प्रतिभा की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम ने ट्राइडेंट परिवार में आपसी सहयोग, एकजुटता और सामूहिक भावना को भी दर्शाया। ट्राइडेंट ग्रुप के लिए वैल्यूज डे इस बात की याद दिलाता है कि किसी संगठन की दीर्घकालिक सफलता केवल कारोबारी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों और उन लोगों से भी तय होती है, जो संगठन की नींव को मजबूत बनाते हैं।

नए पंजाब कांग्रेस के प्रधान परगट सिंह अकाली दल में रहते हुए ड्रग्स और 'बेअदबी' के मुद्दे पर चुप क्यों रहे? : हरपाल सिंह चीमा

- प्रधान के तौर पर, वह किस ग्रुप का नेतृत्व कर रहे हैं, बेअदबी के लिए इंसाफ मांगने वाले का या बादलों को बचाने वाले का? : हरपाल सिंह चीमा
- कानूनी एतराज़ के बावजूद 1,158 असिस्टेंट प्रोफेसर और लाइब्रेरियन की भर्ती को आगे क्यों बढ़ाया गया? : हरपाल सिंह चीमा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने शनिवार को पंजाब कांग्रेस के नए चुने गए प्रधान परगट सिंह के राजनीतिक रिकॉर्ड पर खासकर अकाली दल (बादल)-भाजपा सरकार के दौरान ड्रग्स और 'बेअदबी' पर उनकी चुप्पी और पंजाब के शिक्षा और स्पोर्ट्स मंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल पर उठाए सवाल । परगट सिंह के पंजाब कांग्रेस प्रधान बनने पर आप के सीनियर लीडर और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने उनसे पूछा कि जब वे शिरोमणि अकाली दल से जुड़े थे, तब उन्होंने ड्रग्स की समस्या और 'पवित्र ग्रंथ की बेअदबी' की घटनाओं के खिलाफ आवाज क्यों नहीं उठाई। हरपाल सिंह चीमा ने कहा, ÷अकाली दल (बादल)-भाजपा के राज में, ड्रग्स और %पवित्र ग्रंथ की बेअदबी% पंजाब के सबसे बड़े राजनीतिक मुद्दों में से थे, लेकिन परगट सिंह ने अकाली दल का हिस्सा रहते हुए किसी भी मुद्दे के खिलाफ पब्लिक में आवाज नहीं उठाई। पंजाब के लोगों को यह जानने का हक है कि नए कांग्रेस प्रधान उन मुद्दों पर चुप क्यों रहे, जिनसे राज्य पर गंभीर असर पड़ा।

आप के सीनियर लीडर ने आगे कहा, परगट सिंह ने खुद माना है कि 'बेअदबी' के मुद्दे पर कांग्रेस के अंदर दो ग्रुप थे। एक जो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई चाहता था और दूसरा, उनके अनुसार, बादलों को बचा रहा था। आज, कांग्रेस प्रधान के तौर पर, परगट सिंह को पंजाब बताना चाहिए कि वह किस ग्रुप को लीड कर रहे हैं; वह जो बेअदबी के मामलों में इंसाफ चाहता है या वह जो बादलों को बचाता है।



परगट सिंह के शिक्षा मंत्री के तौर पर कार्यकाल पर बोलते हुए, हरपाल सिंह चीमा ने कहा, परगट सिंह से शिक्षा मंत्री के तौर पर सही लीगल प्रोसेस फॉलो करने और पीपीएससी के ज़रिए 1,158 असिस्टेंट प्रोफेसर और लाइब्रेरियन की भर्ती करने की रिक्वेस्ट की गई थी, लेकिन ऑब्जेक्शन के बावजूद, प्रोसेस आगे बढ़ा। इस भर्ती को बाद में सुप्रीम कोर्ट ने कैंसल कर दिया था। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा, इस घटनाक्रम ने उन युवाओं के लिए गंभीर अनिश्चितता पैदा कर दी थी जो भर्ती प्रोसेस से गुज़रे थे। तय प्रोसेस को फॉलो क्यों नहीं किया गया? परगट सिंह को शिक्षा विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों के लिए जवाब देना होगा। हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा, ÷एक हॉकी खिलाड़ी के तौर पर परगट सिंह की उपलब्धियों और भारतीय हॉकी में उनके योगदान पर कोई शक नहीं है, लेकिन एक स्पोर्ट्स मंत्री के तौर पर उनके रिकॉर्ड का अलग से आकलन किया जाना चाहिए। स्पोर्ट्स में उनके अपने अनुभव और खिलाड़ियों की ज़रूरतों के बावजूद, पिछली सरकार के दौरान स्पोर्ट्स बजट लगभग 147 करोड़ ही रहा। सके उलट, वित्त मंत्री ने कहा, ÷भगवंत सिंह मान सरकार ने स्पोर्ट्स के लिए बजट बढ़ाया है, मौजूदा बजट में 1,746 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पूरे पंजाब में हज़ारों खेल के मैदान और स्टेडियम बनाए गए हैं या बनाए जा रहे हैं, और सरकार की स्पोर्ट्स पहल, जिसमें 'खेडां वतन पंजाब दियां' भी शामिल है, राज्य के युवाओं के लिए बड़े मौके पैदा कर रही है। हरपाल सिंह चीमा ने ज़ोर देकर कहा, आपकी स्पोर्ट्स उपलब्धियों का सम्मान किया जाता है, लेकिन सिर्फ़ अनुभव स्पोर्ट्स मंत्री के तौर पर आपके रिकॉर्ड को सही नहीं ठहरा सकता। आप किसी से भी बेहतर जानते हैं कि स्पोर्ट्स और खिलाड़ियों को कितने निवेश की ज़रूरत होती है। तो फिर आपके कार्यकाल के दौरान स्पोर्ट्स बजट इतना कम क्यों रखा गया?

त्योहारों से पहले आम आदमी को झटका, पेट्रोल 5 रुपए, डीज़ल 3 रुपए हुआ महंगा

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। त्योहारों के सीजन के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। निजी फ्यूल रिटेलर नायरा एनर्जी ने पेट्रोल के दाम में 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। नई कीमतें 3 अक्टूबर 2026 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। कंपनी के देशभर में 7,000 से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। भोपाल में नायरा के पेट्रोल पंप पर पेट्रोल की कीमत 119.54 प्रति लीटर और डीजल 103.64 प्रति लीटर हो गया है। नायरा एनर्जी की ओर से कीमतों में यह बदलाव ऐसे समय किया गया है, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और रिफाइंड पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। बढ़ती लागत और मौजूदा रिटेल कीमतों के बीच अंतर को कम करने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। नायरा एनर्जी ने इससे पहले 26 मार्च 2026 को भी पेट्रोल की कीमत 5 और डीजल की कीमत 3 प्रति लीटर बढ़ाई थी। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रूड की कीमतों में नरमी आने पर कंपनी ने 1 जुलाई 2026 को पेट्रोल 5 और डीजल 3 प्रति लीटर सस्ता कर दिया था। जुलाई की कटौती ने मार्च में की गई बढ़ोतरी को पूरी तरह वापस ले लिया था।



सरकारी तेल कंपनियों ने नहीं बदले दाम

फिलहाल इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (IOC), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (BPCL) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (HPCL) की ओर से इस बढ़ोतरी के साथ पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। इन तीनों कंपनियों के पास भारत के फ्यूल रिटेल नेटवर्क का बड़ा हिस्सा है।

'स्पोर्ट्स होमलैंड पंजाब 2026

जुनींदर जोशी और गुरविंदर कौर ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया





डेली आवाज भारती

बरनाला/नवीन काली। पंजाब सरकार द्वारा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आयोजित 'खेदान वतन पंजाब 2026 - सीजन 04' के तहत जिला स्तरीय खेलों में बरनाला जिले के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। सरकारी कर्मचारी भी इन खेलों में रुचि दिखा रहे हैं। आज स्थानीय सर्वहितकारी विद्यालय में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में, बरनाला के जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ सहायक श्री जुनिंदर जोशी ने 41 से 50 वर्ष आयु वर्ग में भाग लिया। उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए शतरंज में प्रथम स्थान प्राप्त करके विभाग का नाम रोशन किया है। इसी प्रकार, आज घोषित 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में बरनाला के खेल विभाग की भारोत्तोलन प्रशिक्षक श्रीमती गुरविंदर कौर ने भाग लिया। उन्होंने शॉट पुट और डिस्कस थ्रो दोनों स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शक्ति और तकनीक का प्रमाण दिया। जिला प्रशासन, खेल प्रेमी और उनके सहकर्मी इन विजयी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से बधाई दे रहे हैं। ये जीत इस बात का प्रमाण है कि खेल के प्रति जुनून और समर्पण जीवन के हर पड़ाव पर बरकरार रहता है।

इस मौके पर शतरंज एसोसिएशन के सदस्य सौरव गोयल, राहुल जिंदल, हरप्रीत सिंह, राकेश कुमार, मोहित बंसल, जितेंद्र जोशी, आशुतोष कौशल, राहुल गर्ग भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री को लिखा पत्र

कहा–भंडारण की जगह की कमी के कारण मंडियों में किसानों को परेशान न होना पड़े

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार से अपील की है कि धान की आवक शुरू होने से पहले राज्य से अनाज का स्टॉक तुरंत खाली किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुचारू खरीद सुनिश्चित करने और मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए भंडारण के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित करना जरूरी है। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने 10 अक्टूबर तक 6 लाख मीट्रिक टन चावल और अक्टूबर महीने के दौरान 15 लाख मीट्रिक टन गेहूं की तत्काल लिफ्टिंग की मांग की है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं का स्टॉक राइस मिलों और मंडियों के फड़ों (यार्डों) में जगह घेरे हुए है, जिसमें से लगभग 17 लाख मीट्रिक टन अभी भी वहीं पड़ा हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि नए आने वाले धान के लिए पर्याप्त जगह बनाने हेतु इस स्टॉक को खाली करना जरूरी है, ताकि किसान मंडियों में अपनी फसल बिना किसी भंडारण समस्या के ला सकें। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को लिखे पत्र में याद दिलाया कि पंजाब ने सितंबर 2026 के दौरान खरीफ मंडीकरण सीजन 2025-26 के चावल की डिलीवरी प्रक्रिया पूरी करने और खरीफ मंडीकरण सीजन 2026-27 शुरू होने से पहले राइस मिलों तथा मंडी यार्डों में भंडारित गेहूं को खाली करने के लिए 15 लाख मीट्रिक टन चावल और 10 से 12 लाख मीट्रिक टन गेहूं उठाने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷हालांकि, 1 से 29 सितंबर 2026 तक राज्य से केवल 8.3 लाख मीट्रिक टन चावल और 4.3 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही बाहर भेजा गया है। उन्होंने आगे बताया, ÷इस संबंध में यह बताया जाता है कि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास लगातार भंडारण की कमी के कारण खरीफ मंडीकरण सीजन 2025-26 के निर्धारित 105.64 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले आज (29 सितंबर, 2026) तक केवल 99.50 लाख मीट्रिक टन (94 प्रतिशत) कस्टम मिल्ड राइस ही डिलीवर किया जा सका है और लगभग 6 लाख मीट्रिक टन चावल अभी भी डिलीवर होना बाकी है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷इस खरीफ मंडीकरण सीजन (केएमएस) की शुरुआत कल यानी 1 अक्टूबर 2026 से होने जा रही है और 10 अक्टूबर 2026 के आसपास धान की आवक चरम पर पहुंचने की संभावना है। ऐसे में इस खरीफ सीजन के दौरान लंबित धान के स्टॉक को खाली करने तथा स्टॉक के हिसाब-किताब और धान/चावल की रीसाइक्लिंग से पैदा होने वाली जटिलताओं से बचने के लिए एफसीआई द्वारा सभी लंबित चावल की डिलीवरी तुरंत पूरी किया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷मिलिंग में हो रही देरी के कारण शेलर मालिकों में पहले ही बेचैनी है।



- लगभग 40 लाख मीट्रिक टन गेहूं का स्टॉक राइस मिलों और मंडी यार्डों में भंडारण की जगह घेरे हुए हैः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

पंजाब में नहर से 6 साल के बच्चे का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी, तार से बंधे थे हाथ-पैर

- शुरुआती जांच में उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए
- पुलिस ने मामले को हत्या से जोड़कर जांच शुरू कर दी है

डेली आवाज भारती

फरीदकोट। पंजाब के फरीदकोट में नहर से करीब 6 साल के बच्चे का शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बच्चे का शव पानी में बहता हुआ मिला। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकलवाया और कब्जे में लिया। शुरुआती जांच में उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, बच्चे के हाथ-पैर बारीक तार से बांधे गए थे।



खाकी टी-शर्ट और काले हाफ पैंट में था बच्चा

बच्चे ने खाकी रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी। टी-शर्ट पर अंग्रेजी में "Always Have Attitude" लिखा हुआ था। इसके अलावा बच्चे ने काले रंग का हाफ पैंट और पैरों में सैंडल पहनी हुई थी। बच्चे की उम्र करीब 6 साल है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती परिस्थितियों को देखते हुए बच्चे की हत्या किए जाने की आशंका है। पुलिस घटनास्थल और आसपास के इलाकों से जुड़े सुराग जुटा रही है।

पुलिस ने मामले को हत्या से जोड़कर जांच शुरू कर दी है।

संगरूर से अमनदीप सिंह पूनिया बने बीजेपी किसान मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष

संगरूर,हरपाल सिंह ग्रावदां : भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पंजाब ने आज प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की। जारी सूची में संगरूर से अमनदीप सिंह पुनियां को बीजेपी किसान मोर्चा पंजाब का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. अमनदीप सिंह पुनियां की नियुक्ति से संगरूर के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है. पार्टी ने किसान मोर्चा की प्रांतीय जिम्मेदारियों के लिए विभिन्न पदाधिकारियों के नाम जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। संगरूर से अमनदीप सिंह पूनियां को अहम प्रांतीय जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय पार्टी नेता और कार्यकर्ता उन्हें बधाई दे रहे हैं.



खेलां वतन पंजाब दियां के छठे दिन भी जारी रहे रोमांचक मुकाबले

बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और गतका में खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन

डेली आवाज भारती

रूपनगर, संदीप अकालगढ़ियाः खेलां वतन पंजाब दियां सीजन-4 का जिला स्तरीय टूर्नामेंट आज छठे दिन भी जारी रहा।

डिप्टी कमिश्नर श्री आदित्य डेचलवाल के मार्गदर्शन तथा जिला खेल अधिकारी जगजीवन सिंह गिल की देखरेख में आयोजित इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। आज हुए मुकाबलों में वॉलीबॉल के अंडर-14 आयु वर्ग में आनंदपुर साहिब ने पहला, चमकौर साहिब ने दूसरा तथा रोपड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बैडमिंटन के 21 वर्ष आयु वर्ग में सुहानी ने पहला, गुरप्रीत कौर ने दूसरा तथा अमृत शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बास्केटबॉल के अंडर-14 लड़कों के वर्ग में सेंटर रूपनगर ने पहला तथा सेंट कार्मल स्कूल कटली ने दूसरा स्थान हासिल किया। 17 वर्ष आयु वर्ग में रूपनगर क्लब का मुकाबला नंगल क्लब के साथ होगा, जबकि 21 वर्ष आयु वर्ग का फाइनल मुकाबला रोपड़ क्लब और नंगल के बीच खेला जाएगा। इन खेलों को सफलतापूर्वक करवाने में जिला लोक संपर्क अधिकारी करण मेहता, जिला ऑर्गेनाइजिंग कमिश्नर (स्काउट) सुरिंदर सिंह कोटला निहंग, गुरजिंदर सिंह चीमा, रणधीर सिंह, सुशील कुमार, जग रूप सिंह, इंद्रजीत सिंह, गुरजीत कौर, मिस उंकारदीप कौर, हरविंदर कौर नोना, सुनीता रानी, रीतू बाला, हरिंदर सिंह, नवदीप सिंह कोच, शील भगत, वंदना बाहरी, वरिष्ठ सहायक नीशू गोयल, लवजीत सिंह कंग, लेक्चरर राबिंदर सिंह रब्बी, धर्मिंदर सिंह भंगू, कुलवीर सिंह कंधोला, गुरप्रताप सिंह कोटला निहंग, सुखप्रीत सिंह झज्ज, रणजीत सिंह भट्ठल, अशोक कुमार, दलजीत सिंह, अमरीक सिंह, रणवीर सिंह, अमरजीत सिंह अटारी, हरिंदरपाल कौर मनकूमाजरा, जसवीर कौर झज्ज, बनीता राणा,भूपिंदर सिंह, पूनम भलाण, अनीता रानी, हरप्रीत सिंह रक्कड़, इकबाल सिंह, सरबजीत कौर,सुमन चांदला, राजिंदर कुमार, जसप्रीत सिंह,मनजोत कौर, जगदीप सिंह, गुरबिंदर सिंह ससकौर,धर्मवीर सिंह सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।मंच संचालन लेक्चरर राबिंदर सिंह रब्बी और मैडम हरप्रीत कौर ने बखूबी किया।

